Website:- www.Janmarg.com
TITLE CODE:- T/RJ/2024/211
e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 31.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 278 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692




## सूर्य सप्तमी पर स्कूलों में सूर्य नमस्कार को लेकर विवाद




जनमार्ग न्यूज


**जयपुर।** राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी एक आदेश ने धार्मिक विवाद को जन्म दे दिया है। निदेशालय ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को 3 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर 20 मिनट का अनिवार्य सूर्य नमस्कार कराने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस अभ्यास से विद्यार्थियों की एकाग्रता और बौद्धिक विकास में मदद मिलेगी। हालांकि, मुस्लिम संगठन जमाअते इस्लामी हिन्द, राजस्थान, जमीअत उलमा-ए-हिन्द, ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल, राजस्थान, वहदते इस्लामी हिन्द, जमीअत अहले हदीस, जयपुर शिया कम्युनिटी, एस. डी. पी. आई, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया, ए. पी. सी. आर, राजस्थान, जमीअतुल कुरेश, राजस्थान, मुस्लिम तैली महापंचायत, राजस्थान, शैख जमीअतुल अब्बास, कायमखानी समाज, समाज सेवा दल ने इस आदेश का कड़ा विरोध किया है। मुहम्मद निजामुद्दीन का कहना है कि इस्लाम में एकेश्वरवाद में विश्वास किया जाता है और सूर्य की पूजा उनके धार्मिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। विरोध करने वाले संगठनों ने संविधान की धारा 25, 26 और 28 का हवाला देते हुए कहा कि सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में किसी विशेष धर्म से जुड़े निर्देश नहीं दिए जा सकते।

# राजस्थान सरकार ने 134 पीटीआई को किया बर्खास्त

## » दोषियों से वसूली होगी, सख्त कार्रवाई की जाएगी : शिक्षा मंत्री

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने पीटीआई भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले 134 शारीरिक शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। गुरुवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुई क्क्ष्ढ्ढ भर्ती में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसमें जांच के बाद 134 पीटीआई को बर्खास्त कर दिया है। दोषियों से वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मदन दिलावर ने गुरुवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- स्पेशल ऑपरेशन टीम ने हमें 243 शारीरिक शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस सरकार के वक्त हुई पीटीआई भर्ती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। शिक्षा विभाग की ओर से की गई शुरुआती जांच के बाद हमने 134 शारीरिक शिक्षक, जिन्हें नियुक्ति दे दी गई थी। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही 243 में 19 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्हें अपॉइंट ही नहीं किया गया था। 10 ने जॉइन नहीं किया था। जबकि 33 अभ्यर्थी कोर्ट से स्टे लेकर आ चुके हैं। इनके खिलाफ शिक्षा विभाग कोर्ट में लड़ाई लड़ेगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक में शामिल ओम प्रकाश बिश्नोई को भी शिक्षा विभाग ने बर्खास्त कर



दिया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के पांच कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि 30 को निलंबित किया गया है। जिनकी आगामी जांच की जा रही है। इसके साथ ही 47 पर नियम अनुसार कार्रवाई जारी है। दिलावर ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा विभाग के अन्य शिक्षकों के खिलाफ भी जांच की जाएगी। इसमें पता किया जाएगा कि उन्होंने भी किसी तरह की फर्जी डिग्री या डिप्लोमा के आधार पर तो नौकरी हासिल नहीं की है। अगर उन्होंने ऐसा किया है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। साल 2022 में 5546 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसमें

## बजट सेशन में 16 बिल ला सकती है सरकार

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र आज शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। इसमें वक्फ अमेंडमेंट बिल समेत 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे। चार नए बिल में फाइनेंस बिल के अलावा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं। पुराने बिल में वक्फ अमेंडमेंट बिल सबसे महत्वपूर्ण है। इसे पिछले साल 8 अगस्त को संसद में पेश किया गया था। हालांकि संशोधनों पर सहमति के लिए सरकार ने इसे जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) को सौंप दिया था। जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने गुरुवार (30 जनवरी) को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है। द वक्फ (अमेंडमेंट) बिल, 2024- इस बिल के जरिए सेंट्रल वक्फ कौंसिल और वक्फ बोर्ड के स्ट्रक्चर में बदलाव किया जाएगा।

## पंजाब सीएम के दिल्ली आवास पर चुनाव आयोग की रेड



● ऐप पर पैसे बांटने की शिकायत मिली: रिटर्निंग अफसर

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। कपूरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। टीम को फिलहाल अंदर जाने से रोक दिया गया है। मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा कि हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम (एफएसटी) यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत ऐप पर मिली थी। रेड पर भगवंत मान ने कहा कि प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे। लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी होती है। वहीं आप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा हार सामने देख, कांप उठी भाजपा। भाजपा की दिल्ली पुलिस पंजाब के सीएम भगवंत मानजी के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चादर बांट रहे हैं, मगर पुलिस और चुनाव आयोग की आंखों पर तो भाजपाई पट्टी बंधी है। आप ने एक वीडियो शेयर कर आरोप लगाया कि बिजवासन सीट से भाजपा उम्मीदवार कैलाश गहलोत अपने चुनाव ऑफिस में लोगों को पैसे बांट रहे हैं।

## तरनतारन में पुलिस व आतंकियों में फायरिंग

● लखबीर लंडा के दो ऑपरेटिव अरेस्ट
● हैंड ग्रेनेड और पिस्टल बरामद

जनमार्ग न्यूज

**अमृतसर।** पंजाब के तरनतारन में पुलिस और आतंकियों के बीच क्रास फायरिंग हुई है। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गालियों से हमलावर आतंकी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों से दो हैंड-ग्रेनेड और पिस्टल भी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार, ये गैंग भी विदेश में बैठे आतंकी लखबीर सिंह लंडा के इशारों पर



चल रहा था। पकड़े गए आतंकियों की जानकारी रोबिनजीत सिंह और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के तौर पर हुई है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि जब पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर हमला कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। घायल हमलावरों को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 ग्रेनेड, 1 पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

## महाकुंभ भगदड़ में राजस्थान के 2 श्रद्धालुओं की मौत



**जयपुर (जनमार्ग न्यूज)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मंगलवार रात 1.30 बजे हुई भगदड़ में राजस्थान के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ये मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए पहुंचे थे। भगदड़ में अजमेर के सरवाड़ में स्यार गांव की निहाली देवी (60) और जयपुर के चौमूं में जैतपुरा-अणतपुरा के नाथूलाल टोडावत (75) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, निहाली देवी पति रामनारायण बैरवा के साथ प्रयागराज गई थीं। 22 जनवरी को वे मथुरा, वृंदावन और अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करते हुए 27 जनवरी को महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंची थीं। दल में 50 यात्री थे। 28 जनवरी की रात 1.30 बजे वे संगम तट से 300 मीटर दूर थी।

## मंत्रिपरिषद की बैठक में नहीं पहुंचे मंत्री किरोड़ीलाल

● सदन से भी अनुपस्थित रहने की मांगी थी अनुमति
● सवाईमाधोपुर में जनसुनवाई करते रहे मंत्री मीणा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** विधानसभा सत्र से पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रिपरिषद की बैठक ली। बैठक में सीएम ने सदन में मंत्रियों को तैयारी के साथ जवाब देने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा नहीं पहुंचे। किरोड़ी सवाईमाधोपुर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद में जनसुनवाई की। किरोड़ी ने सदन से भी अनुपस्थित रहने की अनुमति मांगी है। संभवतः इसी के चलते वे मंत्रिपरिषद



की बैठक में नहीं पहुंचे। किरोड़ी का बैठक में नहीं पहुंचना सियासी चर्चा का विषय बन गया। विपक्ष जिले खत्म करने, महात्मा गांधी स्कूलों को बंद करने, पंचायत चुनावों को स्थगित करने, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में विपक्ष के इन सवालों का मजबूती और आंकड़ों के साथ जवाब देने के लिए विधायकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सरकार का फोकस है कि सत्र के दौरान सदन से आमजन के बीच सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जाए। इससे विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे मुद्दे गौण हो सके। विधायक दल की बैठक से पहले सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से विधायकों को लंच भी दिया गया। विधायकों को सत्र के संबंध में ई-प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

## अवैध हथियारों और मादक पदार्थों सहित पांच गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने बीते 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थान पर पांच व्यक्तियों को अवैध हथियार तथा मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में कल देर शाम को भोजेवाला अंडरपास के नजदीक के सब इंस्पेक्टर दिलीपसिंह की टीम ने अमरीकसिंह (23) निवासी कोलगांव किशनगढ़ वास अलवर तथा कुलदीपसिंह (21) निवासी चक 2-केएनडी रावला को 925 ग्राम अफीम अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया।सूरतगढ़ सदर थाना इलाके में पुलिस की टीमों ने सरदारगढ़ मोड के पास अल्लारखा (26) निवासी सैखडा थाना रावला और 10 सरकारी निवासी सैफ अली(20) को गिरफ्तार किया।

## अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, छोटे भाई की मौत

जनमार्ग न्यूज


**आसपुर।** अहमदाबाद से घर लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक घर से 25 किमी दूर अनियंत्रित होकर सोमकमला आम्बा बांध की दाई नहर में गिर गई। हादसे में छोटे भाई की डूबने से मौत हो गई। हादसे में बड़े भाई ने तैरकर अपनी जान बचाई। हादसा आसपुर थाना क्षेत्र में टोकवासा मोड़ पर गुरुवार सुबह 5 बजे हुआ। सीआई तेज सिंह ने बताया कि सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के गदेया गांव निवासी शंकरलाल (27) और कांतिलाल (22) दोनों सगे भाई थे। दोनों अहमदाबाद में मजदूरी करते थे। शंकरलाल छोटे भाई कांतिलाल के साथ रात 8 बजे अहमदाबाद से बाइक से अपने गांव गदेया आ रहा था। इस दौरान घर से 25 किमी दूर टोकवासा मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर एबीसी नहर में गिर गई। तभी शंकरलाल ने तैरकर अपनी जान बचाई और कांतिलाल पानी में डूब गया। जिसके बाद शंकरलाल ने बाहर आकर वार्ड पंच केशवलाल को फोन कर मदद मांगी।

# मुकर्जी नगर में अवैध निर्माण को रूकवाया, नोटिस जारी

## ● नगरपरिषद आयुक्त ने दो दिन में दस्तावेज प्रस्तुत करने के दिए आदेश

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मुकर्जी नगर में बिना निर्माण स्वीकृत्ति अवैध निर्माण कार्य करने पर नगरपरिषद ने भूखंड मालिक को नोटिस जारी कर दो दिन में स्वीकृत्ति पत्र अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 33 मुकर्जी नगर में भूखंड मकान नं. 318 के मालिक प्रवीण को नगरपरिषद आयुक्त की ओर से जारी नोटिस में कहा कि गया उनका भूखंड मकान नं. 318 बिना निर्माण स्वीकृत्ति जी+3 निर्माण कार्य किया गया है जो कि अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है। नगरपरिषद आयुक्त ने भूखंड मालिक प्रवीण को नोटिस जारी कर तुरंत प्रभाव से निर्माण कार्य रोककर उक्त निर्माण कार्य संबंधी स्वीकृत्ति पत्र अथवा दस्तावेज दो दिन में नगपरिषद



कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए। आयुक्त के अनुसार राजस्थान नगर पालिका अधिनियम-2009 की धारा 194 के अन्तर्गत निर्माण कार्य से पूर्व पालिका/नगरपरिषद से निर्माण कार्य के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। नगरपरिषद आयुक्त ने नोटिस में स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य से संबंधित किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत ना करने की स्थिति में निर्माण कार्य को अवैध मानते हुए परिषद द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अवैध निर्माण के संबंध में विधिसम्मत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे का जिम्मेवारी स्वयं भूखंड मालिक की होगी। उल्लेखनीय है कि नगरपरिषद क्षेत्र में अनेकों मकान बिना निर्माण स्वीकृत्ति के तैयार किए जा रहे हैं। अब ऐसे मकान मालिकों को नोटिस देने का कार्य नगरपरिषद की ओर से किया जा रहा है।

## सीजीएसटी का इंस्पेक्टर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज



**पाली।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीपी ने पाली जिले में सेंट्रल जीएसटी सीएसटी के एक स्पेक्टर को 4000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पाली में एसीबी चौकी द्वितीय ईकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर(सीजीएसटी) संभाग पाली में इंस्पेक्टर नरेंद्रसिंह को 4 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी पाली कि द्वितीय इकाई को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि परिवादी के घर पर संचालित फर्म का वेरीफीकेशन कर फाईल को आगे भेजने एवं पेनल्टी नहीं लगाने की एवज में सीजीएसटी निरीक्षक नरेंद्रसिंह द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की सत्यापन में पुष्टि हो गई। सत्यापन के दौरान नरेंद्र सिंह द्वारा 4 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग की गई।जिस पर एसीबी जोधपुर रेंज उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र कुमार महावर के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय इकाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींवसिंह की टीम ने नरेन्द्रसिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसने रिश्वत की राशि ब्यूरो टीम को देखकर जेब से निकाल कर सडक पर फेंक दी थी, जो बरामद कर ली गई। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# सम्पादकीय

## दोहराई गई वही लापरवाही

इस समय उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा अमला आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। फिर भी कहां कमी रह गई, यह सवाल स्वाभाविक है। संगम पर लगातार भीड़ बढ़ने और उस पर नियंत्रण के लिए पहले से आकलन क्यों नहीं किया गया। यह सुरक्षाकर्मियों की भी लापरवाही है, क्योंकि वे समय पर संकट को भांप नहीं पाए। महाकुंभ में मची भगदड़ ने पुराने जख्मों को कुरेद दिया है। आजादी के बाद से लेकर अब तक के कुंभ मेलों में कई बार भगदड़ मची है। सैकड़ों लोगों की मौत भी हुई, लेकिन उन सभी हादसों से कभी सबक नहीं लिया गया। हर बार कोई न कोई लापरवाही या व्यवस्था में खामी ही सामने आई। ज्यादातर मामलों में प्रशासन भीड़ को काबू करने में नाकाम रहा। पिछले कुंभ में भी यही हुआ था, जब बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचे श्रद्धालुओं को रेलवे और जिला प्रशासन संभाल नहीं पाया। स्टेशन पर बने 'फुटब्रिज' पर भगदड़ मची और बयालीस लोगों की मौत हो गई थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ। महाकुंभ की सुरक्षा संभाल रहे जिम्मेदार लोगों को पता था कि मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में लोग स्नान के लिए आएंगे, तो इसकी व्यवस्था उसी के अनुरूप क्यों नहीं की गई। स्पष्ट है कि भीड़ प्रबंधन के ठोस उपाय नहीं किए गए। कोई ज्यादा दिन नहीं हुए, जब कुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई थी। तब से वहां सुरक्षा बंदोबस्त बड़ा दिए गए थे। ऐसे में लाखों-करोड़ों लोगों के जुटान को देखते हुए कई स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करने की आवश्यकता थी। यह दुखद है कि हर कुंभ मेले के आयोजन के बाद और बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता करने के दावे किए जाते हैं। मगर हादसे नहीं थमते। इस बार महाकुंभ से पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्थल पर पहुंचेंगे। कुंभ मेला स्थल तैयार करते समय अनुभवी अधिकारियों को क्या अनुमान नहीं था कि इस बार बेहिसाब भीड़ पहुंचेगी? जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं और जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, उस हिसाब से तो कुंभ परिसर और नदी के तट अपर्याप्त हैं। इस समय उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा अमला आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। फिर भी कहां कमी रह गई, यह सवाल स्वाभाविक है।

# राहत और सुधारों का होगा बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 1 फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट की ओर लगी हुई हैं। सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी। नए बजट के माध्यम से वित्तमंत्री आर्थिक डगर पर अटके पड़े सुधारों को आगे बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने, रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म के मंत्रों से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के मद्देनजर बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी।

इसके साथ-साथ वित्तमंत्री राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसदी के स्तर पर रखते हुए खजाने को मजबूत करने की डगर पर भी आगे बढ़ेंगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खपत और व्यय में कमी से विकास दर घट गई है। मध्यम वर्ग के निजी उपभोग में कमी आई है। वैश्विक परिदृश्य पर जो सैन्य संघर्ष और आर्थिक गुटबाजी की चुनौतियां हैं, वे कोविड-19 से भी ज्यादा वैश्विक जीडीपी का नुकसान कर सकती हैं। डोनॉल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी नई आर्थिक रणनीति से दुनिया के आर्थिक गणित बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन सब कारणों से वैश्विक व्यापार और वैश्विक विकास दर में गिरावट आएगी। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्तमंत्री सीतारमण की मुट्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। विगत एक दशक से आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में लगातार वृद्धि हुई है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण करीब 16 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16 फीसदी से भी ज्यादा है। इनवेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान भी कर संग्रह में भारी वृद्धि का अनुमान है। ऐसे में उम्मीद है कि वित्तमंत्री आगामी बजट के तहत गरीब, युवा, महिलाएं, किसानों और मध्यम वर्ग के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर भी अपने आवंटन को केंद्रित करते हुए दिखाई दे सकती हैं। बजट में वित्तमंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी



प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना, स्वच्छ ऊर्जा तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। आगामी बजट में वित्तमंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती है।

वित्तमंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने, पीएम किसान सम्मान राशि बढ़ाने, खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एमएफआई) को मजबूत बनाने के लिए विशेष फंड बनाने, विकसित भारत के लक्ष्य के मद्देनजर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान तथा रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन दिखाई दे सकता है। इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्ला देश से भी बाहरी सुरक्षा को खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक धन की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है। चूंकि देश के विकास का इंजिन कहे जाने मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में धन की कमी के कारण उनके निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से विकास दर प्रभावित हो रही है।

ऐसे में आगामी बजट में खपत बढ़ाने के मद्देनजर मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश उभर कर दिखाई दे सकती है। वित्तमंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित कर सकती हैं। आयकर के नए टैक्स रिजीम में 10 लाख रुपए तक की आमदनी टैक्स फ्री की जा सकती है। वित्तमंत्री आगामी बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्तमंत्री कर सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री आयकर सुधारों के तहत वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में नया आयकर कानून पेश कर सकती हैं। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 को आसान, स्पष्ट और समझने योग्य बनाना है। नया आयकर कानून मौजूदा कानून में सिर्फ संशोधन नहीं होगा, बल्कि पूर्णतया एक नया कानून होगा। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा।

हम उम्मीद करें कि एक फरवरी को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2025-26 का बजट आर्थिक कल्याण, आर्थिक सुधारों और तेज विकास को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2025-26 के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी तक लाने के लक्ष्य के मद्देनजर राजकोषीय अनुशासन का पालन करते हुए भी दिखाई देंगी।

# दिल्ली चुनाव में महिलाओं को फायदा होना निश्चित

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी प्रमुख दलों ने महिलाओं को नकद राशि, मुफ्त सफर और सस्ते भोजन सहित कई घोषणाएं की हैं। कुल मिलाकर देखें तो इस चुनाव में सरकार किसी भी दल की बने, दिल्ली की महिलाओं को फायदा होना निश्चित है। दिल्ली में 27 साल से सत्ता का वनवास झेल रही भाजपा ने दिल्लीवालों के लिए मुफ्त की योजनाओं की झड़ी लगा दी। भाजपा के इस कदम को आम आदमी पार्टी की घोषणाओं की काट के रूप में देखा जा रहा है। आप और भाजपा के अलावा कांग्रेस भी कई घोषणाएं कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिला सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की थी, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया, उसके बावजूद चुनाव के बाद इसे 2100 प्रतिमाह करने का वादा आप सरकार कर चुकी है । बात करें पंजाब की तो इस तरह की योजना आप सरकार ने वहां भी लागू की थी, परन्तु करीब ढाई साल से ज्यादा का समय सरकार को बने हो गया है, यह योजना सिर्फ कागजों पर है। वहीं, भाजपा ने मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत हर गर्भवती महिला को 6 पोषण किट और 21 हजार रुपये देने और साथ ही महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पार्टी का कहना है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वह इस योजना को लागू कर चुकी है। परंतु हकीकत यह है कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहां भाजपा एवं एनडीए की सरकार है वहां भी इस योजना का कोई भी नामो निशान नहीं है। फिर कांग्रेस कैसे पीछे रह सकती है, प्यारी दीदी के नाम से योजना लागू की जिसके अंतर्गत दिल्ली की सभी महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया और पार्टी ने दावा भी किया कि इस योजना को सत्ता में आते ही लागू कर दिया जाएगा। दिल्ली का कुल बजट लगभग 75 हजार करोड़ का है। अगर सत्ता में आने वाला कोई भी दल अपनी सभी घोषणाओं को पूरा करेगा तो इसका लिए करीब 35 से 40 हजार करोड़ राशि की जरूरत होगी। इससे साफ है कि ऐसी घोषणाएं किसी भी राज्य के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होंगी। एक तरफ देखा जाए तो जनता को सीधे धन ट्रांसफर कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। राजधानी में लगभग 60 लाख से अधिक महिलाएं हैं। सत्ता में आने वाला कोई भी दल यदि प्रतिमाह प्रत्येक महिला को 2000 रुपये भी देता है तो उसके लिए करीब 10 हजार करोड़ रुपये लगेंगे, जिसे भारत के अधिकांश अर्थशास्त्री ठीक नहीं मानते हैं। कोई भी सरकार अधिकांश राशि अपने घोषणा पत्र के अनुसार जनता में बांट देगी तो वह विकास के कार्य कैसे करेगी? अस्पताल, सड़क, स्कूल, स्टेडियम, पार्क कैसे बनेंगे? जो पहले से बना है उसकी मरम्मत, बुजुर्गों एवं विकलांगों को पेंशन वेतन आदि दे पाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। जनता को पैसा देना और लोकलुभावन वादे कर चुनाव जीतना लघु अवधि के कार्य हैं, जबकि आईआईटी, आईआईएम जैसे शिक्षण संस्थान खोलना, उद्योग स्थापित करना, रोजगार देना यह दीर्घ अवधि तक नागरिक को सक्षम बनाने वाले कार्य हैं। सरकार के पास ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है, वह कितने लोगों को यह राशि देगी, जो जरूरतमंद है उनको देगी या सबको देगी। जैसा कि झुग्गी की महिला और एक कामकाजी महिला की जरूरत में अंतर है। हालांकि, राजनीतिक दलों के वादे जनता को तुरंत आकर्षित करते हैं और लोग इन बातों में आकर मतदान भी करते हैं, लेकिन आर्थिक स्तर पर ठीक नहीं है।

## सिया राम मय सब जग जानी


हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया... अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है- 'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

# क्या वो सचमुच आपका दोस्त है

हमारे रिश्ते हर किसी के साथ एक जैसे नहीं होते। कुछ रिश्ते हमें खुशी और सुरक्षा का एहसास कराते हैं। साथ ही हमारे लिए सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। जबकि कुछ रिश्ते हमारे लिए उलझन और तनाव का कारण बनते हैं। वहीं कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिनके बारे में हमें पता ही नहीं होता है कि ये हैं क्या? ऐसे रिश्ते कहे तो दोस्त जाते हैं, लेकिन इनका व्यवहार दुश्मन जैसा होता है। ऐसे रिश्तों को फ्रेनेमी कहते हैं। यानी दोस्त और दुश्मन का मिश्रण। ऐसे रिश्ते हमारे लिए मुश्किल खड़ी करते हैं। यह रिश्ता कभी-कभी इतना पेचीदा हो जाता है कि हमें समझ नहीं आता कि इसे कैसे संभालें। फ्रेनेमी को लव-हेट रिलेशनशिप भी कहा जाता है। ऐसे रिश्ते न केवल मेंटल हेल्थ पर नेगेटिव असर डालते हैं, बल्कि हमारी फिजिकल हेल्थ को भी नुकसान पहुंचाते हैं। फ्रेनेमी वे लोग होते हैं, जिनके साथ हमारा रिश्ता कभी बहुत फ्रेंडली होता है और कभी एकदम स्ट्रेसफुल होता है। एक समय पर वे हमारा साथ देते हैं, हमारी मदद करते हैं और हमें खुश महसूस कराते हैं। वहीं दूसरी तरफ वे हमारी सेल्फ-रिस्पेक्ट को चोट पहुंचाते हैं। फ्रेनेमीज रिश्ते में नेगेटिविटी फैलाते हैं और हमारे लिए स्ट्रेस पैदा करते हैं। ऐसे रिश्तों पर भरोसा करना मुश्किल होता है। कई बार फ्रेनेमी हमारे जीवन का अहम हिस्सा होते हैं, जिसकी वजह से हम उनसे दूरी नहीं बना सकते हैं। फ्रेनेमीज दोस्त, परिवार के सदस्य, सहकर्मी या बॉस हो सकते हैं। ऐसे में हम उनसे पूरी तरह दूरी नहीं बना सकते हैं। फ्रेनेमीज मेंटल स्ट्रेस और एंग्जाइटी का कारण बन सकते हैं। यह रिश्ते विश्वासघात कर सकते हैं। इससे इमोशनल इनसिक्योरिटी और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। फ्रेनेमीज हमारे साथ कभी-कभी बहुत अच्छा व्यवहार करते हैं। आपको लगेगा कि इनसे बड़ा कोई हितैषी नहीं है। वहीं कभी उनका व्यवहार



आपको स्ट्रेस में डाल देगा। यह असंतुलन चिंता और अवसाद का कारण बन सकता है। फ्रेनेमीज कभी भी साफ-साफ कोई सलाह नहीं देते और हमेशा उलझन वाली परिस्थिति पैदा करते हैं। इससे उनके साथ बातचीत से हमारा ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। फ्रेनेमीज हमेशा कमियां निकालते हैं। आपके किसी भी काम को कम आंकते हैं। कई बार वे मेंटल गेम खेलते हैं और संदेह पैदा करते हैं। इससे आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। जब आप फ्रेनेमी के आसपास होते हैं, तो आप हमेशा इनसिक्योर महसूस कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते में विश्वास की कमी होती है, जिससे मानसिक शांति भंग होती है। फ्रेनेमीज के विश्वासघात के कारण आप दूसरों पर भरोसा नहीं कर पाते हैं। इस तरह के नेगेटिव रिलेशन आपमें सबके प्रति संदेह की निगाह पैदा करते हैं। फ्रेनेमीज अगर सहकर्मी या बॉस हैं, तो तनाव और बढ़ जाता है। उनका नेगेटिव बिहेवियर हमारे काम पर असर डाल सकता है। इससे नौकरी के प्रति असंतोष बढ़ सकता है। फ्रेनेमी की पहचान करना मुश्किल है क्योंकि इनका व्यवहार कभी आपके प्रति अच्छा रहता है और कभी बुरा। ऐसे में इनके एक्शंस और कुछ संकेतों के जरिए पहचाना जा सकता है। उनके साथ समय बिताने के बाद आप खुश और तनावग्रस्त दोनों महसूस करते हैं। अगर कोई बात आपके हित की है तो ये आपको सही सलाह नहीं देंगे और न ही कोई गलत सलाह देंगे। फ्रेनेमीज अपनी बातों के जरिए आपमें संदेह पैदा करेंगे। इसकी वजह से आप गलत फैसले कर बैठते हैं। इनका व्यवहार अनिश्चित होता है। आप कभी नहीं जानते कि वे अच्छा बर्ताव करेंगे या बुरा। वे अक्सर आपकी उपलब्धियों को कम आंकते हैं या ईर्ष्या महसूस करते हैं। साथ ही बेवजह की बातें बनाकर आलोचना करते हैं और कमी निकालते हैं। वे आपकी पीठ पीछे आपके बारे में नकारात्मक बातें करते हैं। दूसरों के सामने आपकी बुराई करते हैं। कई बार वे थोड़ी सी तारीफ करेंगे और फिर ढेर सारी बुराई करते हैं। इससे सामने वाले को लगता है, वे सही कह रहे हैं। फ्रेनेमीज से लगातार संपर्क में रहने पर कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हमें ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रहना चाहिए। आइए ग्राफिक के जरिए समझते हैं कि फ्रेनेमीज से दूरी कैसे बनाएं। फ्रेनेमीज के साथ रिश्ते को लेकर एक बाउंड्री सेट करें। उनसे पर्सनल बातें शेयर न करें। अपने गोल्स और प्लानिंग के बारे में उनसे चर्चा न करें। फ्रेनेमीज से बातचीत के दौरान संयम बनाए रखें। भावनाओं में बहकर कोई बात शेयर न करें। अपने जीवन में सकारात्मक और हेल्दी रिलेशन पर ध्यान केंद्रित करें। ये रिश्ते आपको फ्रेनेमीज के नकारात्मक प्रभावों से बचा सकते हैं। यदि फ्रेनेमी का व्यवहार ज्यादा नेगेटिव है और आपको नुकसान पहुंचा रहा है, तो उनसे तुरंत दूरी बना लें। अगर फ्रेनेमी आपके घर-परिवार का हिस्सा है और आप उससे दूरी नहीं बना सकते हैं, ऐसे में उनसे निपटना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, कुछ तरीके अपनाकर आप इनसे अपना बचाव कर सकते हैं। सबसे पहले, यह स्वीकार करें कि यह रिश्ता असंतुलित है। इससे आपको नुकसान हो रहा है। ऐसे में आप अपनी अपेक्षाओं और इच्छाओं को कंट्रोल कर पाएंगे। फ्रेनेमी के अच्छे पक्षों को पहचानें और उनके साथ रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश करें। हालांकि, उनके बदलते व्यवहार को देखकर कुछ भी शेयर करने से बचें। अगर संभव हो, तो उनके साथ खुलकर बात करें और उन्हें बताएं कि उनका व्यवहार आपके लिए कैसा है और आप क्या महसूस करते हैं।

## मण्डी समिति की तरफ से सेवा शुल्क 1 प्रतिशत पूरे रिको व्यापारियों पर लागू करवाने का विरोध

### लघु उद्योग भारती व किन्नू संघ के संयुक्त बैठक आयोजित, विधायक ने जल्द ही कृषि मंत्री से बातचीत करने का आश्वास दिया





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लघु उद्योग भारती व किन्नू संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज एक बैठक टेकचन्द किन्नू वैक्सिंग प्लाट, रिको श्रीगंगानगर में रखी गई जिसमें श्रीगंगानगर के विधायक जयदीप बिहाणी जी मौजूद रहे और रिको के सभी व्यापारी एक साथ नजर आए।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मण्डी समिति की तरफ से सेवा शुल्क 1 प्रतिशत पूरे रिको के व्यापारियों पर लागू करवाने का भरसक प्रयास चल रहा है, जिसका किन्नू व्यापारियों ने विरोध दर्ज करवाया। इस मसले से सम्बन्धित जब लघु उद्योग के सामने लाया गया तब लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष गौरव बगड़िया ने विद्यायक से सम्पर्क किया कि व्यापारी आपसे मिलना चाहते है। जयदीप ने कहा कि व्यापारी मेरे पास क्यों आए मैं स्वयं व्यापारियों के पास आकर इस समस्या को सुलझाउंगा।

जयदीप ने देरी ना करते हुए रिको में व्यापारियों से बैठक की और मण्डी समिति के अधिकारियों को समझाया और कहा कि जब तक मेरी जयपुर बात नहीं होती आप व्यापारियों को परेशान न करे और यह मुद्दा मैं कृषि मंत्री के आगे रखूंगा। फिर रिको आरएम साहब को निर्देशित किया कि रिको से सम्बन्धित समस्या जैसे पानी सप्लाई को दुरूस्त करे और साफ सफाई का ध्यान रखे। फिर बिजली से सम्बन्धित रिको की सभी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैक्टरी लाईन में एक मिनट भी लाईट कटने का मतलब एक घंटा उत्पादन खराब होना और माल खराब होना सो अलग। इस बैठक में लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष गौरव बगड़िया, किन्नू संघ के अध्यक्ष अरविन्द गोदारा, टीसी ब्रांड के मालिक टेकचन्द बंसल, दीपक बंसल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय अग्रवाल, मंच संचालन अंकुर गुप्ता ने किया , सचिव चन्द्रशेखर गौड़, सत्यनारायण जी रतिवाल, बालाजी बैक्सिंग प्लाट, अतेका वैक्सिंग प्लांट, नेचरलैण्ड वैक्सिंग प्लांट, हिजाब वैक्सिंग प्लांट,असलम, श्री बालाजी, श्री अनारकली, श्री सतीश गेरा जी मौजूद थे।



## डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**श्रीगंगानगर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 29 जनवरी को किया गया। प्रतियोगिताओं की विधिवत शुरुआत प्राचार्य प्रोण् बलवंत सिंह चौहान जी ने की। आज आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में शतरंज प्रतियोगिता में भगत सिंह सदन ने विद्यार्थी रवि के नेतृत्व में सुभाष चंद्र सदन को 2.1 से हरा दिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता महाविद्यालय के खेल प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें आचार्य राजेंद्र कुमार टाक जी की अगुवाई वाले भगत सिंह सदन ने कप्तान राकेश बुडानिया के नेतृत्व में सुभाष चंद्र सदन को 43.23 से हराया। खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के अधिकतर छात्रों ने भाग लिया। छात्र व छात्राओं ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य महोदय ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा कल आयोजित होने वाले खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

खेल प्रभारी डॉण् चंद्रपाल जांदू ने विद्यार्थियों को खेल को अपने विद्यार्थी जीवन का एक अहम हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके प्रोण् चारुलता वर्मा, प्रोण् विक्रम सिंह देओल, श्री दविंदर सिंह, श्री राजेंद्र, डीपी शाहरुख एवं समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## मूल ओबीसी वर्ग के अधिकारों के हनन पर विशेष सत्र बुलाने की मांग

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** मूल ओबीसी जनजागृति मंच की बैठक मंगलवार को जंक्शन जांगि? समाज के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मूल ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और उनके हनन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद, विधायक गणेश राज बंसल को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सरकार से मूल ओबीसी वर्ग के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई।

## बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती पूजा व विसर्जन हेतु 2 से 4 फरवरी तक



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीकृष्णा निकुंज रामदेव चौक, सरकारी डिस्पेंसरी के पास पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा व विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजक राजेश कुमार ने बताया कि 2 फरवरी को मूर्ति स्थापना, 03 फरवरी को रात्रि जागरण व 4 फरवरी को भण्डारा व मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों में मंगतराम दायमा (इंटक), ज्योति सेक्सेना, दिनेश खटीक, राजन, अर्जुन, मिथलेश, टोनी, हरेराम, शंकर, अमित सांखला आदि सेवादार जुटे हुए हैं।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## गैर सरकारी स्कूल संचालकों के साथ अभद्र व्यवहार तथा मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

### दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा), श्रीगंगानगर के शिष्टण्डल ने बुधवार को प्रांतव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रदेशाध्यक्ष कोडाराम भादू के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में अति. जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर गैर सरकारी स्कूलों में असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन शिक्षकों तथा व्यवस्थापकों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार टाक ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। हाल ही में कुशलगढ़ बांसवाड़ा में महावीर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर प्रशांत नहाटा के साथ कुछ लोगों द्वारा अकारण अभद्र व्यवहार किया गया तथा इसी प्रकार कोटा में भी जयदेव श्री मॉर्डन स्कूल नया गांव आंवली की प्रिंसिपल कामना काहार व उनके पति के साथ कुछ लोगों ने बुरी तरह से मारपीट की गई तथा लोहे की रॉड मारकर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। उक्त दम्पत्ति अभी भी अस्पताल में ईलाज करवा रहे हैं। इस प्रकार की घटनाओं से गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों तथा शिक्षकों में भय का वातावरण व्याप्त है तथा ऐसे वातावरण में बच्चों के मासूम मन पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता कहा गया है तथा उनके साथ सभ्य समाज में ऐसा व्यवहार कतई उचित नहीं है। जबकि शिक्षक व विद्यालय व्यवस्थापक समर्पित भाव से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष सतपाल बिश्नोई सहित समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने इन घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से मांग की कि उक्त मामलों में सख्त से सख्त कार्यवाही करके अविलम्ब दोषियों को गिरफ्तार किया जाए तथा इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि गैर सरकारी स्कूल भयमुक्त वातावरण में विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य करवा सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतपाल बिश्नोई, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार टाक, पूर्व जिलाध्यक्ष मोनिका छाबड़ा, विनोद राठौड़, राजेश पारीक, सुभाष ग्रेवाल, केवल कृष्ण, दिलीप सैनी, संदीप जलंधरा सहित स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा), श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार का बसंत पंचमी को 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2 को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा श्री गोशाला, सुखड़िया सर्किल के सहयोग से श्री गौशाला प्रांगण में 2 फरवरी बसंत पंचमी को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार के उपजोंन के मीडिया समन्वयक सुरेंद्र कच्छवाहा ने बताया कि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ ,स्वतंत्रता सेनानी व अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि परम पूज्य गुरुदेव प.श्रीराम आचार्य ने 1926 में एक अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर विचार क्रांति का श्रीगणेश किया था इस क्रांति को व परम पूज्य प.श्रीराम शर्मा की तपचर्या को व वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के 100 वर्ष 2026 में पूर्ण हो रहे है

इस निमित आगामी अक्टूबर में श्री गंगानगर में ज्योति कलश यात्रा का आगमन होगा जो गंगानगर शहर के साथ साथ गंगानगर तहसील में 10 दिन गांव - गांव ढाणी ढाणी जाएगी। इससे पूर्व आगामी 2 फरवरी 2025, बसंत पंचमी ,रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक इस यज्ञ में सभी सपत्नीक के साथ साथ अकेले, पुरुष, महिला , युवा सभी निशुल्क भाग ले सकेंगे। यदि सनातन धर्म के प्रतीक पीले वस्त्र या सफेद चोला पजामा में पुरुष आएंगे व महिलाएं व लड़कियाँ , पीली , लाल साड़ी या सूट में आएंगी तो एक अच्छा परिदृश्य बनेगा। वैसे भी बसंत पंचमी को पीले वस्त्र पहने का वैज्ञानिक महत्व है। यज्ञ में बैठने के लिए पृथ्वी राज जी , पंडित जी,राधाकृष्ण मंदिर,श्रीगोशाला व महावीर प्रसाद शर्मा,मैनेजर, श्री गोशाला,सुखड़िया सर्किल को अपना नाम लिखवा सकते है।

## अम्बेडकर कॉलेज के रोवर रेंजर सम्मानित

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के रोवर रेंजर दल के सदस्य रोवर नरेंद्र सिंह राठौड़ एवं जियन को जिला कलेक्टर श्री गंगानगर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। रोवर लीडर अजय कुमार ने बताया इन दोनों रोवर्स ने राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर राष्ट्रपति अवार्ड के ट्रेनिंग प्राप्त की। इसके पश्चात इन्होंने राज्य स्तरीय मूट मीट प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर जिले का प्रतिनिधित्व मंडल के सदस्य के रूप मे कार्य किया। इन्होंने महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के बाहर विभिन्न सेवा कार्यों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त वर्ल्ड स्काउट संगठन मे उल्लेखनीय कार्य कर रिंग पदक प्राप्त किया एवम मैसेंजर ऑफ पीस के सक्रिय सदस्य भी है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर बलवंत सिंह चौहान ने छात्रों को हार्दिक बधाइयां प्रेषित की एवं अन्य छात्र-छात्राओं को स्काउट से जुड़ने की प्रेरणा दी।

## पटवार संघ का धरना 15वें दिन भी जारी

**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 15वें दिन भी जारी रहा। पटवारियों ने गिरदावरी ऐप में संशोधन, नियमित पदोन्नति, 1035 नवीन पटवार मंडलों की वित्तीय स्वीकृति, संसाधनों की उपलब्धता, वेतन और भत्तों में वृद्धि जैसी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संघ का कहना है कि सरकार ने उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। धरने के दौरान राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया, तहसील अध्यक्ष अनिल साहू और राजस्थान कानूनगो संघ के जिलाध्यक्ष चंदरभान ज्याणी ने कहा कि सरकार के उदासीन रवैये के कारण कर्मचारियों को सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## शिक्षक संघ रेसटा ने संयुक्त निदेशक से की शिक्षकों की मांगों के जल्द समाधान की मांग

जनमार्ग न्यूज




**श्रीगंगानगर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग गोविंद नारायण माली से मिलकर

शिक्षकों की मांगों के समाधान की मांग की गई.न्यायालय के आदेशों की पालना में विभाग द्वारा नोशनल परिलाभ राज्य के 8 मंडल कार्यालयों में दे दिए गए हैं। केवल बीकानेर मंडल कार्यालय में एसीपी प्रकरणों के आवेदनों को निरस्त किया जा रहा है। राज्य के अन्य मंडल कार्यालय से जारी आदेश के समान ही बीकानेर मंडल कार्यालय से भी उसी के अनुरूप आदेश जारी करवाने के निर्देश देने की मांग के साथ तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक बकाया पदोन्नति,संभाग के वरिष्ठ अध्यापकों के एसीपी व स्थाई करण प्रकरणों का समय पर निस्तारण की मांग की गई। जिस पर संयुक्त निदेशक माली ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई,राम प्रताप स्वामी,विनोद कुमार,ओम प्रकाश,विशाल चौधरी आदि उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय भगवा सेना संगठन के तत्वावधान में मोनी अमावस्या पर लंगर लगाया

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** महावीर कॉलोनी वार्ड नं. 27 में मुख्य मार्ग सद्भावना नगर रोड पावन धाम मंदिर के पास अजनी सैकिण्ड श्री करणी प्रोपर्टी के सामने मोनी अमावस्या पर लंगर लगाया गया। लंगर में राष्ट्रीय भगवा सेना संगठन के जिलाध्यक्ष चन्द्र सिंह राठौड़, उपसचिव मांगीलाल बिश्नोई, रमेश कुमार, खूबी सिंह, बजरंगलाल सैनी, रामनगर प्रोपर्टी एडवाईजर राधेश्याम, बंधीधर , दीपू शर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, सोहनलाल वर्मा, विक्की सोनी, गगन अग्रवाल, पवनदीप, बृजलाल सैन, राजकुमार दोधी शेरगढ़ वाले, राम सिंह स्वामी पूर्व उपसरपंच पति, अशोक हलवाई, मिट्ठू सिंह, सुरेन्द्र वर्मा आदि ने अपनी सेवाएँ दी।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित जाट भवन में स्वर्गीय पंकज चाहर की दूसरी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 135 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह आयोजन पंकज चाहर की स्मृति को समर्पित करते हुए सामाजिक सेवा और जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। पंकज चाहर के पिता रविन्द्र चाहर ने बताया कि पंकज की असमय मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में हुई थी, और इस घटना ने परिवार को गहरे शोक में डाल दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे सेवा कार्य पंकज की स्मृति को जीवंत रखते हैं और समाज में जरूरतमंदों की मदद करते हैं। शिविर के दौरान युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। रविन्द्र चाहर ने विशेष रूप से सभी युवाओं से अपील की कि वे वाहन चलाते समय धीमी गति और सावधानी बरतें। उन्होंने कहा, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना न केवल आपकी बल्कि दूसरों की जिंदगी के लिए भी खतरा है। सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन करना आवश्यक है। शिविर में रक्तदान करने के लिए युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# बस स्टैंड पर दो दुकानों के ताले टूटे

❒ मंदिर व पीर की दरगाह में गुल्लक तोड़कर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए







जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ।** बस स्टैंड पर बीती रात को दो दुकानों के शटर के ताले तोड़कर अज्ञात चोर चोरी करने में असफल रहे इन चोरों ने बजाज होटल व नागपाल किराना स्टोर एवं खुराना मोबाइल शॉप की दुकान शैटर के दोनों तरफ के तले तोड़े गए जबकि सैटर वाला ताला तोड़ नहीं सके इस दौरान किसी के आने की भनक लगने पर अज्ञात चोर भाग गए किस इन दुकानों में चोरी होने का बचाव रहा वारदात को अंजाम दे रहे चोरों की सीसीटीवी कैमरे में फुटेज आ रही है जिसे पुलिस खगाल रही है और चोरों का पता लगाने में लगी हुई है उसी रात चुनावढ से चूनावढ कोठी के बीच राजमार्ग पर पीर की दरगाह के पीछे की दीवार में पाड़ लगाकर गुल्लक को तोड़कर 8000 के लगभग! अज्ञात चोर चोरी कर ले गए वहीं अरदस्थल हनुमान संकट मोचन मंदिर के गेट के ताले तोड़कर रखी गुल्लक को तोड़कर 14-15 हजार रुपए के लगभग अज्ञात चोर चोरी करके ले गए चोरियों को लेकर गांव में भय का माहौल बना हुआ है इस संबंध में दुकानदारों व पीर की दरगाह के सेवादार सुखविंदर सिंह ने थाना में परिवाद दिया है ज्ञात रहे कि इससे पूर्व अरद् स्थल संकट मोचन हनुमान मंदिर व पीर की दरगाह में 13 जनवरी 2025 को भी चोरी हो गई थी जिसका आज तक कोई पता नहीं लगा।

# दलित व्यक्ति को फंसाने का प्रयास, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ के प्रवक्ता जसविंदर धालीवाल ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने संगरिया तहसील के गांव हरिपुरा में डोडा पोस्त और नकद राशि की बरामदगी को लेकर दलित समाज के व्यक्ति महावीर प्रसाद मेघवाल को झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास किया है। धालीवाल के अनुसार, 27 मार्च 2024 को सुबह 4 बजे हरचंद सिंह और इंद्रजीत सिंह के खेत में बनी ढाणियों से 6 क्विंटल 30 किलो डोडा पोस्त और 30 लाख 30 हजार रुपए नकद पुलिस द्वारा बरामद किए गए थे। इन वस्तुओं को पवन चुघ नामक चालक की पिकअप गाड़ी में लादकर संगरिया थाने ले जाया गया और 192 नंबर का मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। पुलिस ने इस बरामदगी का आरोप रामचंद्र उर्फ रामू बावरी पर लगाया, लेकिन आरोप है कि बड़े प्रलोभन में आकर पुलिस ने बरामदगी का स्थान बदलकर दलित समाज के महावीर प्रसाद मेघवाल के खेत में दिखा दिया। धालीवाल ने कहा कि बरामदगी वाली असली जगह और महावीर प्रसाद के खेत के बीच करीब 5-6 किलोमीटर की दूरी है। पुलिस ने प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए महावीर प्रसाद को मामले में फंसाने का प्रयास किया है। इस संदर्भ में वीडियो और अन्य सबूत भी मौजूद हैं, जो सच्चाई उजागर करते हैं। आरोप है कि पुलिस ने रामू बावरी और अन्य प्रभावशाली लोगों से मोटी रिश्वत लेकर उन्हें बचाया। रामू के घर से बरामद स्कॉर्पियो, वरना कार और चोरी की पिकअप गाड़ी को भी रिश्वत के बदले छोड़ दिया गया। इसके अलावा, पुलिस अधिकारियों पर महावीर प्रसाद को फंसाने के लिए साजिश रचने का भी आरोप लगाया गया। इस घटना को लेकर सर्व समाज में भारी आक्रोश है। समाज के लोगों ने एसपी हनुमानगढ़, आईजी बीकानेर और डीजीपी राजस्थान से मांग की है कि इस मामले की जांच के लिए विशेष कमेटी गठित की जाए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, महावीर प्रसाद को झूठे मामले में फंसाने का प्रयास रोकने की अपील की गई है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए अग्र विकास परिषद हुई प्रशासन से सम्मानित

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्रीगंगानगर के चिरपरिचित प्रसिद्ध सामाजिक संस्था अग्र विकास परिषद के सामाजिक व सेवा कार्यों यथा पौधारोपण, परिंदा लगाओ अभियान, सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्टेशनरी, जूता जुराब, गर्म जर्सी व प्रतिभावान छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आदि का आयोजन समय समय पर,विधार्थीयो हेतू विभिन्न प्रतीयोगिताओ, रक्तदान शिवरो, मासिक गौ सेवा प्रकल्प एवं विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों में निरंतर सक्रिय रहने पर गणतंत्र दिवस की पावन अवसर पर जिला कारागृह प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला कारागृह में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में जेल अधीक्षक डॉ अभिषेक शर्मा द्वारा जेल में आने वाले कैदियों के परिजनों व अन्य आगुतंको के लिए गर्मी-वर्षा से राहत दिलाने के लिए शेड सहित प्रतीक्षालय का निर्माण करवाने व अन्य कार्यों को संपादित करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात जिला प्रशासन द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल प्रांगण में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भी उत्कृष्ट सेवा व सामाजिक कार्यों में निरंतर संलग्न रहने पर जिला कलेक्टर डॉक्टर मंजू, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, सादुलशहर विधायक गुरविंदर सिंह आदि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया परिषद की ओर से यह पुरस्कार अध्यक्ष राधेश्याम गणेशगढ़िया महासचिव अनिल सिंघल पूर्व अध्यक्ष अजय गुप्ता राकेश झूंथरा नीरज बंसल मुकेश खारिवाल सुरेंद्र अग्रवाल मनीषा गोयल आदि ने ग्रहण किया।



## 8 जेआरके के ग्रामीणों ने जल संकट के समाधान की मांग की

**हनुमानढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** गांव डबलीवास मिड्ढारोही के चक 8 जेआरके के ग्रामीणों ने जल संकट के समाधान के लिए जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता से गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में पीने का पानी पूरी मात्रा में उपलब्ध करवाया जाए। इस संबंध में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी और जल्द समाधान की मांग की। जिला परिषद के डायरेक्टर मनीष मक्कसर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, गाव में नल भी लग गए है। हालांकि, मूल पाइपलाइन का कनेक्शन नहीं होने के कारण ग्रामीण अभी भी पीने के पानी से वंचित हैं। आगामी गर्मी के मौसम में पानी की कमी से स्थिति गंभीर हो जायेगी। पानी के अभाव में दैनिक कार्यों में भी बाधा आ रही है, और कई परिवारों को दूर-दराज के स्थानों से पानी लाना पड़ रहा है।

# रंगरेटा यूथ एकता मंच ने धर्मान्तरण की बढ़ती गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग

▼ पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती तथा भाजपा जिलाध्यक्ष स. शरणपाल सिंह मान का किया अभिनंदन

▼ धर्मान्तरण की अवैध गतिविधियां देश की एकता व सुरक्षा के लिए खतरा : स. लखवीर सिंह लखा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सरवत खालसा पंथ ऑल इंडिया रंगरेटा यूथ एकता मंच ने धर्मान्तरण की बढ़ती गतिविधियों पर रोकथाम के लिए आवाज बुलंद की है। प्रदेशाध्यक्ष स. लखवीर सिंह लखा ने सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के श्रीगंगानगर पधारने पर भाजपा जिला कार्यालय में उनसे मुलाकात की तथा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके साथ-साथ भाजपा के लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर स. शरणपाल सिंह मान का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न सामाजिक मुद्दों व ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की।

प्रदेशाध्यक्ष स. लखवीर सिंह लखा ने पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती तथा भाजपा जिलाध्यक्ष स. शरणपाल सिंह मान के साथ अवैध धर्मांतरण की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थवश भोले-भाले लोगों को डरा-धमकाकर तथा झूठे प्रलोभन देकर अवैध रूप से धर्मान्तरण किया जा रहा है। जिलेभर में अनेकों स्थानों पर धर्मान्तरण की गतिविधियां धड़ल्ले से की जा रही है। धर्मान्तरण की अवैध गतिविधियों से देश का शांतिप्रिय माहौल खराब किया जा रहा है। श्रीगंगानगर सीमावर्ती व संवेदनशील जिला है। ऐसी घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा व एकता के लिए खतरा है। धर्मान्तरण से सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है तथा अवैध गतिविधियां बढ़ रही है इसलिए सरकार तथा प्रशासन को सख्त से सख्त कार्यवाही करके धर्मान्तरण की गतिविधियों पर अंकुश लगाना चाहिए। इस पर पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती तथा भाजपा जिलाध्यक्ष स. शरणपाल सिंह मान ने सरवत खालसा पंथ ऑल इंडिया रंगरेटा यूथ एकता मंच प्रदेशाध्यक्ष स. लखवीर सिंह मान को आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



## वरिष्ठ पत्रकार को किया सम्मानित



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र परवाना को गणतंत्र दिवस पर चूनावढ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह सिद्ध व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधेवाला में प्रधानाचार्य कुशलजीत कौर ने पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर पत्रकार महेंद्र परवाना को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया है।


जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें


# महाकुंभ स्नान पर विवादित बयान का विरोध: खड़के की टिप्पणी पर भड़के भाजयुमो कार्यकर्ता

भारत माता चौक पर खड़के के पोस्टर जलाए

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने भाजयुमो नेता रजत स्वामी के नेतृत्व में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के द्वारा महाकुंभ स्नान पर दिए विवादित बयान का विरोध प्रकट करते हुए पोस्टर जलाए है। भाजयुमो नेता रजत स्वामी एडवोकेट ने कहा कि गंगा में डुबकी और महाकुंभ मेले पर सवाल उठाकर खड़के ने केवल सनातन धर्म का अपमान किया है बल्कि सविंधान की भावना का भी उल्लंघन किया है। एडवोकेट स्वामी ने बताया की सविंधान के अनुच्छेद 25 से 28 के तहत प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वंतत्रता का अधिकार है। स्वामी ने कहा कि हिंदुओं की आस्था का अपमान करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के का सार्वजनिक निषेध किया जाए। कांग्रेस ने हमेशा हिंदू धर्म की अस्मिता, श्रद्धा और भावनाओं का अपमान किया है। इस बार महाकुंभ मेले जैसे पवित्र उत्सव, उसमें श्रद्धा और आस्था के साथ भाग लेने वाले करोड़ों हिंदुओं और गंगा की पवित्रता का मजाक उड़ाकर खड़के ने सारी हदें पार कर दी हैं। स्वामी ने बताया कि गंगा में स्नान करने से क्या इस देश की गरीबी दूर हो जाएगी? इस तरह का मूर्खतापूर्ण और उतना ही आक्रोशजनक सवाल कांग्रेस अध्यक्ष खड़के ने उठाया है। खड़के के इस बयान से पूरे देश में आक्रोश की लहर फैल गई है।

स्वामी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा एक विशेष समुदाय का तुष्टिकरण किया है। इस देश के सहिष्णु और बहुसंख्यक हिंदू समाज ने इसे चुपचाप सहन किया और स्वीकार किया। लेकिन ऐसा करते हुए हिंदुओं की आस्थाओं का मजाक उड़ाने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को किसने दिया? मंगलवार को पोस्टर जलाने वालो में भाजयुमो जिला संयोजक निशांत पारीक, विक्रम राठौड़, महेन्द्र चांवरिया, प्रदीप चायल, अंशुल पारीक, अभय सरदाना, आकाश मेहरा, कैलाश सारस्वत, अभिषेक शर्मा, दीपक अरोड़ा सहित भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भाजपा के पदाधिकारियों का स्वागत किया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पूर्वी क्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ,अटल मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुल्लू पार्षद व भाजपा नगर मंडल पश्चिम के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा का आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाअध्यक्ष अनवर अली ख़ान के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम उनके निवास स्थान में किया गया। कार्यक्रम में मांगीराज बायड, राजेश बतरा नियामत खान,रियाज खान, कृष्ण सिंह ,गुरमेल सिंह, वार्ड पार्षद सेम कालड़ा,पार्षद प्रेम घोड़ेला ,बंटी मौर्य ,श्रवण कुमार चंद्रपाल वर्मा, संतोष गुप्ता, मुकेश मक्कड़ ,प्रभु , सुरजीत ओड ,प्रवीण भटेजा ,शबनम खान,मनजीत सिंह चन्नी ,नौरंग जाखड़, जावेद ख़ान ,सोनू चुग सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता पधारे।

# गोदारा कॉलेज में युवा जागृति कार्यशाला का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गोदारा कॉलेज में नशा एक्समुक्त गंगानगर अभियान : ऑपरेशन सीमा के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों, नशा मद्यपान एवं तंबाकू निषेध समिति तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में ड्रग्स फ्री यूथ काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, आप युवा वो आखिरी पीढ़ी है जो गंगानगर को नशे से बचा सकती है और नशे से बाहर ला सकती है नहीं तो हमारी नस्लें खत्म हो जाएगी आओ इसे जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और जिला पुलिस श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक डीआईजी गौरव यादव के नेतृत्व में इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जा रहा है। नशामुक्त समाज का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। कार्यशाला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्री गंगानगर के उपनिदेशक श्री वीरेंद्र पाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, युवाओं को यह समझना होगा कि उनके सपनों और जीवन के बीच नशा सबसे बड़ी बाधा है। इस जहर से बचकर ही हम उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। महिला थाना, श्रीगंगानगर की एसएचओ श्रीमती सुमन श्रीमती सुमन ने नशे के खिलाफ कानूनी प्रावधानों और महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा, नशा न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक अपराध भी है। इसे समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। और पारंपरिक नशे तथा मेडिकेटेड नशे के बीच का अंतर समझाते हुए नशे की समस्या की गंभीरता पर चर्चा की। कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो पूनम सेतिया ने छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि महाविद्यालय परिवार एवं समस्त छात्राएं नशामुक्त गंगानगर अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगी। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य, एन एस एस प्रभारी,नशा मद्यपान एवं तंबाकू निषेध समिति के सदस्य, एन एस एस स्वयंसेविकाएं, एन सी सी कैडेट्स तथा महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रही। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए, प्रतिभागियों ने इसे समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।



## सीटू की बैठक संपन्न, 6 को प्रदर्शन का ऐलान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष कामरेड चंद्र कला वर्मा ने की। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि 6 फरवरी 2025 को मिड डे मील वर्करों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार का ध्यान मिड डे मील वर्करों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना और उनके अधिकारों की मांग को मजबूती से उठाना है। सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक वर्करों को जोड़ने और इसे जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

## नाबालिग लड़की बरामद, किशोर को निरुद्ध किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के तलवाड़ा थाना अंतर्गत तलवाड़ा झील गांव से दो हफ्ते पहले लापता हुई एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है। लड़की को एक किशोर बहला फुसला कर ले गया था। उसे पुलिस ने अपहरण करने के आरोप में निरूद्ध किया है। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रजनदीपकौर ने बताया कि एक घुमंतु परिवार बैलगाड़ी से 15 जनवरी को तलवाड़ा झील आया था। इस परिवार ने गांव के नजदीक अपना डेरा लगाया। परिवार की 12 वर्षीय लड़की गांव में दूध लेने गई तो वापस नहीं आई।

## साईबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिला हनुमानगढ़ में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम में 29.01.2025 को सहायक निदेषक, महिला अधिकारिता हनुमानगढ़ द्वारा न्यू सिविल लाईन्स, सामुदायिक भवन हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम साईबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य आमजन को डिजिटल दुनिया में बढ़ते साईबर अपराधो से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती टीना डोडा महिला पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी हनुमानगढ़ द्वारा अतिथियों का स्वागत करके की गई। श्रीमती टीना डोडा द्वारा कार्यक्रम का विषय साईबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार की शुरूवात में उपस्थित संभागीयों को बताया कि किस प्रकार बीते दिनों में साईबर अपराध के मामले बढ़ रहे है।

# सीएसआर के तहत कराये आंगनबाड़ी केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा ने राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा सीएसआर के तहत कोटा के आंगणबाड़ी केन्द्रों पर कराये गये सौन्दर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। श्री संदीप शर्मा ने कोटावासियों से ग्रीन एनर्जी की और कदम बढ़ाते हुए घरेलू पाइपलाईन गैस सुविधा से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एलपीजी के स्थान पर अब डीपीएनजी सुविधा से जुड़कर 24 गुणा 7 निर्बाध सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। विधायक श्री संदीप शर्मा ने आरएसजीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों में भागीदारी निभाने की सराहना करते हुए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की संस्थाओं से सीएसआर में उपलब्ध राशि का अधिक से अधिक विकास व जनहितकारी कार्यों में उपयोग करने का आग्रह किया। आरएसजीएल के एमडी श्री रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा 25 लाख रुपये से अधिक लागत से कोटा की 6 आंगणबाड़ी केन्द्रों में सौन्दर्यीकरण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य करवाये गये हैं। उन्होंने बताया कि आरएसजीएल द्वारा सीएसआर के तहत प्रतिवर्ष विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। एमडी श्री रणवीर सिंह ने बताया कि कोटा शहर में सीएनजी पीएनजी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही पाइपलाईन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए डीपीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री नयन गौतम ने आरएसजीएल द्वारा कोटा में आगंणबाड़ी केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण कार्य को सराहनीय निर्णय बताया। डीजीएम श्री सीपी चौधरी ने बताया कि कोटा में 12 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के श्री रुपेश कुमार सिंह, आईसीडीएस के श्री आलोक शर्मा, आरएसजीएल के डीजीएम प्रोजेक्ट्स श्री आनन्द आर्य, राजकीय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल केशवपुर की प्राचार्य डॉ. वैदेही गौतम, प्यूर इण्डिया ट्रस्ट के श्री निशांत दुबे ने भी संबोधन किया। आरंभ में विधायक श्री संदीप शर्मा सहित अतिथियों ने राजकीय सीनियर सेकण्ड्री स्कूल परिसर में आंगणबाड़ी कार्यों का लोकार्पण किया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर श्रीमती देविका और श्रीमती विजय लक्ष्मी के संयोजन में किरन बैरवा ने नृत्य और सरस्वती वंदना, श्रीमती राजलक्ष्मी के संयोजन में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की थर छात्रा ग्रेसी सिंह और पूजा मीणा ने अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया। समारोह में विद्यालय शिक्षकों और विद्यार्थियों आर एस जीएल के अविनाश, प्रशांत आदि ने भी हिस्सा लिया।



# मौनी अमावस्या पर गौ आहार खिलाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा, श्रीगंगानगर द्वारा मौनी अमावस्या पर बुधवार को जीव दया प्रकल्प के तहत गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि सुखाड़िया सर्किल स्थित श्रीगौशाला में हुए कार्यक्रम में नारी चेतना शाखा पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धाभाव से गौवंश को 55 किलो गुड़ खिलाया तथा गौमाता से सबके लिए सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस मौके पर अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट ने गौमाता की महिमा का वर्णन किया तथा गो सेवा को सच्ची सेवा बताते हुए उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर गौवंश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मौनी अमावस्या के आध्यात्मिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौनी अमावस्या पर दान का अत्यंत महत्व बताया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट, कृष्णा गुप्ता, संजू गुप्ता, एकता मालपानी, प्रेरणा गुप्ता, रजनी गोयल, श्वेता सिंगल, नेहा बिड़ला, सरोज लखोटिया, मधु मुंदड़ा सहित मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# ढालिया गांव को अलग पंचायत बनाने के लिए ज्ञापन सौपा गया

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ढालिया एज्युकेशन अवेयरनेंस सोसायटी द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि सतीपुरा पंचायत से ढालिया गांव को अलग पंचायत का दर्जा दिया जाए। ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल में शामिल जिला परिषद डायरेक्टर मनीष मक्कासर और मकसूद खान ने बताया गया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार यदि ग्राम पंचायत की कुल आबादी 3000 से ऊपर हो और वह पंचायत मुख्यालय से 6 किमी से अधिक दूरी पर स्थित हो, तो उसे अलग पंचायत बनाने के निर्देश पारित किए गए हैं। ढालिया गांव की आबादी लगभग 4000 है और यह सतीपुरा पंचायत से 9 किमी की दूरी पर स्थित है।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए सतीपुरा पंचायत तक 9 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। खासकर गांव के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए सतीपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जाने के लिए भी इस लंबी दूरी को तय करना पड़ता है, जो उनके लिए कठिन है। इसके अलावा, मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों को भी सतीपुरा पंचायत आकर काम करना पड़ता है, जिससे उनके समय और ऊर्जा की बर्बादी होती है। गांव के विकास की गति भी धीमी रही है, क्योंकि ढालिया की अपनी पंचायत नहीं होने के कारण स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में रुकावट आती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ढालिया को अपनी अलग पंचायत मिल जाती है, तो उन्हें अपनी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी होगी और बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

# श्री राम कथा अमृत आयोजन में श्रीराम विवाह प्रसंग का वर्णन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीगंगानगर में श्री राम कथा अमृत आयोजन के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास साध्वी सुश्री गरिमा भारती जी जी ने श्री राम विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भगवान शिव के धनुष को भंग कर मां सीता का वरण करते हैं और सभी मानव समाज,देव,दानव और गन्धर्व खुशी में झूमने लगते हैं। साध्वी जी ने समझाते हुए कहा कि मां सीता आत्मा का प्रतीक है और प्रभु श्रीराम परमात्मा का। विवाह प्रसंग हमें संदेश देता है कि यदि हम अपनी आत्मा रूपी कन्या का भगवान श्री राम रूपी वर के संग विवाह करना चाहते हैं हमें अपने जीवन में एक विचोलिया के रूप में सतगुरु की आवश्यकता है । गुरु के बिना इंसान ईश्वर का दर्शन प्राप्त नहीं कर सकता है । आज बहुत से लोग गुरु को तो अपने जीवन में धारण करते हैं परंतु धर्म ग्रंथों की इस कसौटी के आधार पर नहीं। हमारे सभी धार्मिक ग्रन्थ कहते हैं कि पूर्ण सतगुरु वो हुआ करता है वो हमारे घट में ईश्वर का साक्षात्कार करवाता है। हम संत के चेहरे का नूर,उसके पीछे लगे लोगों की भीड़,मधुर वाणी आदि के आधार पर एक सतगुरु की पहचान करते हैं। लेकिन पूर्ण सन्त की पहचान केवल ज्ञान है। कथा से पहले ब्रिजेश शर्मा और श्यामलाल खारीवाल के परिवार ने विधिवत पूजन किया। कथा में श्री जगदम्बा अंध विद्यालय से पहुंचे स्वामी निजानंद जी ने दीप प्रज्वलित किया इस अवसर पर रामेश्वर लाल,स्कसाइबर क्राइम,महेश सारस्वत और सुरेश स्वामी भी उपस्थित रहे। साध्वी जी ने युवा पीढ़ी को प्रेरणा देते हुए कहा कि युवा वह है जिनकी भुजाओं में अदम्य बल और मन में कुछ कर गुजरने का जनून होता है। लेकिन वहीं पीढ़ी आज मृतप्राय हो चुकी है।यदि युवा ही निष्क्रिय हो जाएंगे तो आने वाले समाज का भार अपने कंधों पर कौन संभालेगा? युवा ही तो भविष्य के कर्णधार होते हैं। इसलिए समय की मांग है उन्हें जगाया जाए। भगवान श्री राम जी ने अपनी लीलाओं के माध्यम से हमें यही सिखाया है कि कुरीतियों व गलत कार्यों को देख कर हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाने से उनका दमन नहीं हो सकता। उनका विनाश कर समाज को सभ्य व सुंदर बनाने हेतु तो हमें सक्रिय होना है।अब समाज व राष्ट्र,शौर्य सम्पन्न युवाओं पर नजरें टिकाए बैठा है। क्योंकि हर काल में युवाओं ने ही समाज में से कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठा कर उनका समूल विनाश करने की कोशिश की। विवेकानंद जी, रामतीर्थ जी, भगत सिंह, चन्द्रशेखर इत्यादि अनेकों युवाओं ने समाजिक व्याधियों के विरुद्ध डट कर शौर्य पूर्ण कार्य किए और हमारे लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। आज भी वैसे ही युवाओं की आवश्यकता है। लेकिन यदि युवा स्वयं ही नशे और कुरीतियों की पाश में बंधे हो तो वह किसी और को कुरीतियों से मुक्त कैसे करवा सकते हैं। स्वयं दलदल में फंसा मानव औरों को दलदल से कैसे निकाल सकता है।



# श्री सनातन धर्म बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

## छात्राओं को सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों की जानकारी देकर पालना के लिए किया प्रेरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए श्री सनातन धर्म बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीगंगानगर में 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मनाए जा रहे 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के तहत बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस थाना प्रभारी रघुवीर सिंह बीका के नेतृत्व में एच.एम. राधेश्याम तथा महिला कांस्टेबल श्रीमती जया ज्याणी द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़क सुरक्षा तथा सुरक्षित ड्राईविंग आदतों का महत्व समझाया गया। इस मौके पर छात्राओं को दुपहिया वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट पहनने, सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों तथा चौराहे पर लगी यातायात संकेतक लाइटों के बारे में जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय की 300 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक श्रीमती कमलेश कटारिया ने सफल आयोजन के लिए यातायात पुलिस थाना प्रभारी रघुवीर सिंह बीका, एच.एम. राधेश्याम तथा महिला कांस्टेबल श्रीमती जया ज्याणी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे



# हनुमानगढ़ में सर्व समाज की बैठक, विधायक गणेश बंसल के बयान की कड़ी निंदा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** स्थानीय जंक्शन जाट भवन में बुधवार को सर्व समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्दलीय विधायक गणेश बंसल द्वारा जाति विशेष को लेकर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की गई। बैठक में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर विधायक के बयान को समाज को बांटने वाला और राजनैतिक लाभ के उद्देश्य से दिया गया बताते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।


ज्ञापन में बताया गया कि विधायक गणेश बंसल ने 28 जनवरी 2025 को एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक जाति विशेष के रूप में जाट समाज मूल ओबीसी का हक खा गया। इस बयान के बाद समाज में व्यापक असंतोष फैल गया, और इसे समाज को तोड़ने का षड्यंत्र बताया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह बयान न केवल जाट समाज बल्कि पूरे सर्व समाज के खिलाफ एक साजिश के रूप में देखा जा रहा है। बैठक में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि हनुमानगढ़ की सामाजिक संरचना सर्वधर्म संभाव की रही है, जहां सभी जाति एवं समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते आए हैं। लेकिन विधायक गणेश बंसल के इस बयान से समाज में वैमनस्यता फैलाने और हिंसा भड़काने की कोशिश की गई है, जो अस्वीकार्य है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के बयान राजनैतिक लाभ लेने के लिए दिए जाते हैं, जिससे समाज में बंटवारा हो और एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जा सके।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी समाज में जाट, सिख, मुसलमान, विश्नोई सहित अन्य कई समाज आते हैं। ऐसे में विधायक ने केवल जाट समाज को निशाना बनाकर अन्य समाजों को भी अप्रत्यक्ष रूप से विभाजित करने की कोशिश की है। वक्ताओं ने आशंका जताई कि यदि ऐसे बयानों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में जटसिख समाज, विश्नोई समाज और मुस्लिम समाज को भी इसी प्रकार निशाने पर लिया जा सकता है।

# अनुचित तरीके से विद्युत कनेक्शन काटने का आरोप दुकानदारों ने अधीक्षण अभियंता को सौपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** गैर कानूनी तरीके से विधुत संबंध विच्छेद करवाने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर आर्य समाज अध्यक्ष सुरेंद्र बेनीवाल के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बेनीवाल ने बताया की आर्य समाज टाउन की दुकानों का आपके विभाग के कार्मिकों द्वारा गैर कानूनी तरीके से बिना किसी सूचना के विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया गया। दिनाक 26-1-2025 को रात्रि 07 बजे विभाग के कर्मचारियों द्वारा अवकाश के दिन सुने बाजार में बिना किसी पूर्व सूचना के आर्य समाज की तीन दुकानों का विद्युत सम्बन्ध विच्छेद कर दिया गया। वे दुकानदार पिछले लगभग 35 से 40 वर्षो से आपके विधुत बिलों का नियत समय पर भुगतान कर रहे है तथा इनकी दुकानों के अलग अलग मीटर लगे हुए है इनकी तरफ आपके विभाग का किसी भी तरह का कोई बकाया नहीं है ऐसे में आपके विभाग के कार्मिकों द्वारा यह नियम विरुद्ध कार्य किया गया है इस सम्बन्ध में जब दुकानदारों को सोमवार प्रात. दुकान खोलने पर जब पता चला तो तत्काल सहायक अभियन्ता, अधिशाषी अभियंता एवं आपको इसकी जानकारी दी गई परन्तु ये दुकानदार लगातार दो दिन तक परेशान होते रहे इनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इसमें इन ईमानदार दुकानदारों को मानसिक व शारीरिक परेशानी होने के साथ साथ इनकी साख को भी धक्का लगा है। यह पूरा घटनाक्रम आपके विभाग के कर्मचारियों द्वारा जानबूझ कर किया गया है जिसमें मुख्य भूमिका कनिष्ठ अभियन्ता शहरी प्रथम एवं सहायक अभियन्ता की भी रही है। घटनाक्रम के बाद पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी होने के बावजूद भी सहायक अभियन्ता द्वारा किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई जिससे दुकानदारों एवं आर्य समाज से जुड़े हुए लोगों में रोष है।



# संस्कृति का बदलता स्वरूप और एआई की भूमिका पर संगोष्ठी

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** रावतसर महाविद्यालय, रावतसर और आईएजेईएसएम के द्वारा संस्कृति का बदलता स्वरूप और एआई की भूमिका पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । प्राचार्य डॉ. पूनम सोनी ने सभी प्रोफेसर शोधार्थियों का स्वागत किया । संगोष्ठी ऑनलाइन ऑफलाइन आयोजित की गयी । इस संगोष्ठी में देश भर के 600 शोधार्थियों प्रफोसरों ने भाग लिया । एन एम पीजी कालेज हनुमानगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामपाल ने अतिथि भाषण देते हुए विज्ञान की बढ़ती चुनौतियों से मूल भारतीय संस्कृति को बचाने की बात कही । एसकेडी विश्वविद्यालय के चांसलर दिनेश जुनैजा ने एआई को अपनाने की बात करते हुए उसे आदमी के जीवन को सरल करने की तकनीक कहा । उनके अनुसार नवीन एआई ने नौकरियों को भी बढ़ावा दिया है। वाइस चांसलर प्रो. रामावतार मीना ने विज्ञान का संस्कृति पर प्रभाव बताते हुए मोबाइल और प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से सामान्य जीवन को बचाने का आह्वान किया । रिसर्च डायरेक्टर डॉ. पवन वर्मा ने कहा कि विज्ञान का जाल हमारे चारों तरफ फैलता जा रहा है जो भारतीय प्राचीन संस्कृति का हनन कर रहा है। इसके उचित उपयोग से ही मानव संस्कृति को बचाया जा सकता है। गुरू जम्भेश्वर कालेज के चेयरमैन ओम सिहाग ने एआई पर बात करते हुए संगोष्ठी में पधारे प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया । चौधरी बल्लूराम राजकीय कन्या कालेज श्रीगंगानगर की अंग्रेजी विभाग की प्रो. डॉ. विभा तिवारी ने एआई पर बात करते हुए मानव जीवन के सभी क्षेत्र में इसके प्रभाव पर शोध पत्र का वाचन किया । अपने पत्र में तिवारी ने ऑनलाइन शॉपिंग, शेयर मार्केट, ग्लोबल वार्मिंग, बिजनेस पर एआई के बढते प्रभाव को वर्णित किया । प्रो. सुभाष सिंगाठिया ने आग और पहिये के आविष्कार से लेकर वर्तमान समय के रिसर्च पर प्रकाश डाला । प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एसीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज दतिया के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. वासुदेव जादौन ने ऑनलाइन संगोष्ठी का संचालन करते हुए शिक्षा संस्कृति में विज्ञान के प्रभाव पर बात की। डॉ. डिम्पल कौर और दिव्या जैन ने ऑनलाइन रिसर्च पेपर प्रस्तुत करते हुए एआई को साहित्य एवं कला को नवीन- सरल रूप प्रदान करने वाली तकनीक कहा। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूभौतिकी विभाग के आचार्य प्रो. भगवान सिंह चौधरी ने ऑनलाइन संगोष्ठी में शिरकत करते हुए एआई को शिक्षा और संस्कृति के लिए वरदान बताया । उन्होंने कहा विज्ञान की नवीन तकनीकों ने शिक्षा को सरल बनाते हुए भाषाई अनुवाद में विशेष योगदान दिया है। कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र कुरूक्षेत्र के हैड एवं प्रोजेक्ट कार्नीडेटर सुरेश सोनी ने एआई की बढ़ती भूमिका को जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए आदमी को विज्ञानिक समय के साथ चलने की बात कही । इसी अवसर पर डॉ. महेन्द्र सांगवाल की पुस्तक राजनीति विज्ञान के मूल आधार का लोकार्पण भी किया। द्धछ्ब्श्वस्रूके चेयरमैन डॉ. अश्विनी नागपाल ने संस्कृति के बदलते स्वरूप पर चिंता जाहिर करते हुए विज्ञान के दुष्प्रभावों से बचने का आग्रह किया । इसके अलावा डॉ. विनोद खुडिवाल, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, राकेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. बीएस परमार, डॉ. विजय कुमार पटीर, डॉ. महेन्द्र सांगवाल, आदि ने भी शोध पत्र वाचन किया । संगोष्ठी का समापन एन एम पीजी राजकीय महाविद्यालय हनुमानगढ़ के भौतिक विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. सुभाष सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया । संगोष्ठी का मंच संचालन एन एम पीजी राजकीय महाविद्यालय की आचार्या डॉ. अर्चना गोदारा ने किया ।



# चोरी करने के प्रयास में छत से गिरने पर मौत

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** फाइनेंस कंपनी में चोरी करने के प्रयास में छत से गिरने पर मौके पर मौत हो गई। सड़क पर मिले मोबाइल के आधार पर मृतक की पहचान मानकथेड़ी निवासी महेंद्र उम्र 30 वर्ष पुत्र नौरंगलाल चिनाई मिस्त्री का काम करता था। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। सिटी थाना प्रभारी सीआई दिनेश सारण ने बताया मंगलवार रात्रि को लगभग 5 बजे ए यू बैंक के ऊपरी बिल्डिंग में आईआईएफएल फाइनेंस में चोरी करने के प्रयास में छत से रस्से की सहायता से खिड़की पर पैर रखकर उतारने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरने से मौके पर मौत हो गई। मंगलवार रात्रि गस्त के दौरान एक एस आई रणवीर सुथार लगभग 2:30 इसी सड़क से निकले थे। उसके बाद सुबह 6:30 बजे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे 108 की सहायता से शव को मोर्चरी में रखवाया। घटना की जानकारी मिलने पर सिटी थाना प्रभारी सीआई दिनेश सारण,ए एस आई रणवीर सुथार पुलिस जाते सहित मौके पर पहुंचे आसपास के सीसीटीवी कैमरे कंगाल कर घटना की जानकारी लेने के



लिए फाइनेंस कंपनी की छत पर गए । चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए सेन मंदिर धर्मशाला की छात्रा से एक बस और रस लेकर छठ के ऊपर पिल्लर पर रस बांधकर छज्जे पर खुलने वाली खिड़की के जरिए चोरी करने के लिए रस की सहायता से नीचे लटक कर खिड़की खोलने के प्रयास के दौरान संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरने से मौके पर मौत हो गई, नीचे गिरने के दौरान चोरी के औजार वाला बेग छज्जे पर गिर गया । जिसमें चोरी करने के औजार और दस्ताने मिले, सड़क पर मोबाइल मिला था, मृतक की जेब में बाइक की चाबी भी मिलने पर बाइक की तलाश भी की जा रही है।

## मौनी अमावस्या पर किया हवन यज्ञ

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन की फाटक गौशाला बरकत कॉलोनी हनुमानगढ़ टाउन में बुधवार को मौनी अमावस्या पर हवन यज्ञ, गौ पूजन व गौ आरती का आयोजन किया गया। गौशाला अध्यक्ष मुरली अग्रवाल ने बताया बुधवार को प्रातः गौ सेवकों द्वारा गौशाला की सफाई की उसके पश्चात पण्डित राम नारायण शास्त्री व राधेश्याम के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना मंत्रोचारणों के साथ विधि विधान से किया गया एवं क्षेत्र की सुख स्मृद्धि व खुशहाली की कामना को लेकर हवन यज्ञ भी किया गया। अंत मे गो माता की आरती कर पूर्णाहूति दी । उन्होंने कहा फाटक गोशाला में बीमार गौवंश के स्वस्थ होने की कामना को लेकर व क्षेत्र सुखस्मृधि व खुशहाली कि कामना को लेकर हवन का आयोजन किया गया है। इस के पश्चात हनुमानगढ़ जंक्शन से महिला भजन मंडली की सदस्यों ने फाटक गोशाला का निरीक्षण किया व बीमार गोवंश के लिए 31 हजार का सहयोग किया , इस मौके पर भजन मंडली की सदस्य शारदा हिसारिया ने बताया हमने फाटक गोशाला का नाम सुना हुआ था आज मंडली की सभी सदस्यों ने आकर फाटक गोशाला को देखा तो दग रह गये।

# शहीद बाबा दीप सिंह गुरूद्वारा साहिब में एकोत्तरी पाठों की शुरुआत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित शहीद बाबा दीप सिंह गुरूद्वारा साहिब में शहीदी समागम के तहत



एकोत्तरी पाठों की शुरुआत 29 जनवरी, बुधवार से की गई। इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन छह परिवारों द्वारा श्री अखण्ड पाठ साहिब का प्रकाश किया गया। समागम की शुरुआत से ही संगतों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखा गया।

गुरूद्वारा साहिब की प्रबंध समिति के मुख्य सेवादार जरनैल सिंह मुत्ती ने बताया कि यह एकोत्तरी पाठ 29 जनवरी से प्रारंभ होकर 2 मार्च तक निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस समागम के तहत 28 फरवरी को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

मास्टर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि सालाना शहीदी समागम के तहत 11 फरवरी से अमृत वेले की प्रभात फेरी भी शुरू की जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई वाहेगुरू नाम की पवित्र ज्योत का प्रचार करेगी और क्षेत्र में पवित्र वातावरण का निर्माण होगा।

2 मार्च को गुरूद्वारा साहिब में विशाल समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र की खुशहाली व सुख स्मृद्धि की अरदास की जायेगी। इस समागम में खुले दीवान सजाए जाएंगे और भक्ति भावना से भरे श्रद्धालु गुरबाणी का श्रवण करेंगे। गुरूद्वारा साहिब में नियमित रूप से लंगर की सेवा जारी है, जो कि सभी श्रद्धालुओं के लिए खुला है। यह लंगर सेवा का एक अहम हिस्सा है, जो यहां के सेवादारों द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है।

## आरटीपी बैक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**हनुमानगढ़।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हनुमानगढ़ द्वारा दो दिवसीय आरटीपी बैक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीविका जिला प्रबंधक लवप्रीत सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक बिधु शंकर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक बिधु शंकर ने कहा कि उक्त परीक्षा में समस्त 20 प्रशिक्षणार्थियों ने अव्वल प्रदर्शन कर शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। निदेशक ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को आरसेटी के सहयोग से वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने में और कियोस्क संचालन करवाने में हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर तबके के लोगों को जोकि बैंकिंग सेवाओं से वंचित है को बैक के उत्पादों व सरकारी योजनाओं की जागरूकता सृजन करना तथा धनराशि का प्रबंधन करना, सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं एवं ऋण परामर्श के मामलों में शिक्षा, सलाह प्रदान करना व लाभ दिलाना बैंक मित्र का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य अतिथि राजीविका जिला प्रबंधक लवप्रीत सिंह ने बताया कि बैक मित्रों की जिम्मेदारी है कि वह गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर महिलाओं को बैकिंग सेवाओं से लाभांवित करे। वित्तीय समावेशक आईनान ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत तक बैंक की योजनाओं से आमजन को जागरूक करना है जिसके लिये उक्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होने बताया कि बैक की अनेकों योजनाएं है जो जनकल्याणकारी है परन्तु उन योजनाओं की जानकारी से वंचित रहने के कारण आमजन उसका लाभ नही ले पा रहे जिसके लिये बैक द्वारा विशेष तौर पर उक्त प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें गांवों के बीच में से कुछ महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है जो लोगों को उनकी भाषा के अनुसार सरल रूप से जानकारी उपलब्ध करवाकर उन्हे बैक की योजनाओं का लाभ दिलवायेगे।

# मोनी अमावस्या पर अटूट लंगर लगाया

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर बस स्टैंड के पीछे नेहरू पार्क के पास स्थित श्री दुर्गा मनोरोग क्लिनिक ने लंगर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। आयोजन में प्रार्थना, पूजा-अर्चना और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रबुद्ध अग्रवाल,डॉक्टर अनु कीर्ति अग्रवाल, डॉक्टर एम जेड ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन लंगर-भंडारे लगाने का हमारे धर्म ग्रंथों में विशेष महत्त्व बताया गया है। इस दिन लंगर लगाने से भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है और हमारे



कष्ट दूर होते हैं। इसके साथ ही प्रयागराज महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान भी मौनी अमावस्या को दिनांक 29 जनवरी को ही है। यह संयोग 144 वर्ष बाद बनता है। इस शुभ दिन पर शिवजी भगवान और विष्णु जी भगवान की एक साथ पूजा करने के बाद गरीबों को भोजन करवाने का विशेष महत्तम है। कहते हैं शिव पुराण के अनुसार जो कुम्भ स्नान करने नहीं जा सके अगर वे पहले या दूसरे अमृत स्नान वाले दिन 5 गरीबों को भोजन दान करें तो इसका पुण्य कुम्भ स्नान के बराबर मिलता है। इस अवसर पर डाक्टर प्रबुद्ध अग्रवाल,डॉक्टर अनु कीर्ति अग्रवाल, डॉक्टर एम जेड, गुरु सेवक सिंह बराड़,चौधरी रणधीर सिंह रोझ आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

# कर्मचारी 7-8 फरवरी को होगा दो दिवसीय धरना लगाएंगे

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आह्वान पर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के समाधान हेतु 7-8 फरवरी 2025 को हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर दो दिवसीय धरने का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार से कर्मचारियों की लंबित मांगों को शीघ्र हल करने का आग्रह करना है। महासंघ द्वारा इस धरने को एक बड़े आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया गया है।

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 7 फरवरी को धरने के दौरान खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की होली भी जलाई जाएगी। इस रिपोर्ट को लेकर कर्मचारियों के बीच गहरा असंतोष है, और इसे जलाकर कर्मचारी अपनी नाराजगी व्यक्त करेंगे। इस



धरने का आयोजन जिला कलक्ट्रेट हनुमानगढ़ पर प्रातः 10 बजे से होगा, जहां बड़ी संख्या में कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने का दबाव बनाएंगे।

इस धरने में संगठन के सभी सदस्यों से भागीदारी की अपील की गई है। जिला कार्यकारिणी के सदस्य चंद्रभान ज्याणी (जिला अध्यक्ष) और राम निवास (जिला मंत्री) ने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे इस आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल होकर इसकी सफलता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी इस आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि यह धरना एक व्यापक आंदोलन बन सके।

महासंघ ने इस आंदोलन को संगठित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकी है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, पेंशन की व्यवस्था, और कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग शामिल है। महासंघ का कहना है कि यदि राज्य सरकार इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देती है, तो आगामी दिनों में और भी बड़े आंदोलन किए जा सकते हैं।

सभी कर्मचारी साथियों से यह अपील की जाती है कि वे 7 और 8 फरवरी को जिला कलक्ट्रेट हनुमानगढ़ पर आयोजित इस धरने में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और अपनी आवाज बुलंद करें। महासंघ के पदाधिकारी इस आयोजन को संगठन की जिम्मेदारी मानते हुए इसे सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## राजस्थान पटवार संघ के अनिश्चितकालीन धरने को 16 दिन पूरे

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 16वें दिन में प्रवेश कर गया। पटवारियों, कानूनगो और गिरदावरों की मांगों के प्रति सरकार की उदासीनता के चलते आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी गई है। धरने को अब विभिन्न संगठनों का समर्थन भी मिल रहा है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन और राजस्थान नर्सेज़ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को समर्थन दिया।

## अन्नपूर्णा रसोई व्यवस्थाओं को लेकर अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने निरीक्षण किया



जनमार्ग न्यूज

**अन्नपूर्णा।** अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने स्टोर प्रभारी जीतराम झोरड़ के साथ नगर पालिका क्षेत्र में स्टेडियम व नया हाऊसिंग बोर्ड के पास सामुदायिक भवन संचालित अन्नपूर्णा रसोई का आकस्मिक निरीक्षण करके व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवस्क निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने अन्नपूर्णा रसोई के भोजन की गुणवत्ता की जांच कर, भोजन बनाने में साफ सफाई की जांच करके आवश्यक निर्देश दिए।

## ईंट भट्टा मजदूर यूनियन सीटू की बैठक आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** ईंट भट्टा मजदूर यूनियन सीटू की बैठक बुधवार को कामरेड शयोपत सिंह यादगार भवन में आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता मक्कासर के सरपंच कामरेड बलदेव सिंह ने की।बैठक के दौरान ईंट भट्टा श्रमिकों के समक्ष आ रही समस्याओं व निराकरण पर चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित श्रमिकों ने बताया कि उन्हें ना तो सस्ता अनाज मिलता है और ना ही पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिलता है।वहीं उनके बच्चे भी शिक्षा से वंचित रहते है।

ईंट भट्ठा मजदूर यूनियन सीटू के नेता रोहिताश शाक्य ने बताया कि भट्टा श्रमिकों की तमाम मांगों को लेकर आगामी 7 फरवरी को जिला कलेक्टर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।वहीं समस्त मजदूर संगठनों से प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।बैठक गुरनायब सिंह,महेंद्र सिंह,कामरेड मनीराम मेघवाल व एफसीआई के प्रधान विनोद मावर उपस्थित रहे।

## गोशाला समिति सुरेवाला गणतन्त्र दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित

**हनुमानगढ़।** गोशाला समिति सुरेवाला को जिले की सर्वश्रेष्ठ गौशाला के सम्मान से गणतन्त्र दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया था, जिसके उपलक्ष में जिला गोपालन समिति व पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा गौशाला समिति के सदस्यों का अभिनंदन किया गया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता व डॉ. राकेश गांधी द्वारा गौशाला समिति के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष अभयपाल ऐचरा ने बताया जिला स्तरीय गोपालन चयन समिति के मूल्यांकन एवं अनुमोदन उपरांत जिले में स्थित पंजीकृत गौशाला में से निम्नुसार गौशालाओ को गोवंश के अच्छे रखरखाव भरण पोषण संरक्षण एवं संवर्धन, नस्ल सुधार के साथ-साथ गौशाला की आत्मनिर्भरता एवं उत्पादन गतिविधियों के सुचारू संचालन करने पर सर्वश्रेष्ठ गौशाला घोषित की गई । जिसे गणतंत्र दिवस पर गौशाला समिति सूरेवाला के अध्यक्ष शिवराज सिंह बरा?,

# निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह में 93 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए कर्तव्यों का पालन करें : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता जी के पावन सानिध्य में पिंपरी (पुणे) में सोमवार, 27 जनवरी को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र के अतिरिक्त देश के कई राज्यों एवं दूर देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के विधिवत समापन के उपरान्त पिंपरी (पुणे) स्थित मिलिटरी डेअरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया। नव विवाहित वर-वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए



कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने के लिए उनके परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा-हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। तदोपरान्त आदर्श गृहस्थ जीवन जीने की शिक्षा प्रदान करने वाली निरंकारी लावें पढ़ी गई। समारोह के दौरान सतगुरु माताजी एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधू के सम्बधित परिजनों एवं साध संगत ने भी पुष्प-वर्षा की। निश्चित रूप से यह एक अलौकिक दृश्य था।

आज के इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे, कोल्हापुर, सोलापुर, सातारा, डोंबिवली, छत्रपती संभाजीनगर, अहिल्यानगर, धुले, नासिक, नागपुर, वारसा, चिपलुन और खरसई आदि विभिन्न स्थानों के अतिरिक्त गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना राज्यों एवं विदेश से कुल 93 युगल सम्मिलित हुए। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था समागम स्थल पर की गई। उल्लेखनीय है कि सादा शादियों के अंतर्गत काफी संख्या में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं उच्च शिक्षित नौजवानों के रूप में वर-वधुओं का समावेश दिखा। कुछ परिवार ऐसे भी थे, जो अपने बच्चों की शादी बड़े धूमधाम से कर सकते थे, लेकिन सतगुरु की पावन छत्रछाया में उनकी दिव्य शिक्षाओं को अपनाते हुए निरंकारी पद्धति के अनुसार सादे रूप में शादी करके समाज के सामने उन्होंने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। निसंदेह सादा शादियों का यह अलौकिक दृश्य जाति, वर्ण की विषमता को मिटाकर एकत्व का सुंदर संदेश प्रस्तुत कर रहा था, जो निरंकारी मिशन का संदेश भी है।

# धनूर में तस्कर का निर्माणाधीन रिहायशी मकान फ्रीज

- एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में पुलिस ने की कार्रवाई

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई राशि से निर्माणाधीन रिहायशी मकान को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में फ्रीज किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कल रंजन साहू महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर व दिनेश एम. एन. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार नशा खोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए अवैध मादक पदार्थ के प्रकरणों में वांछित अपराधियों के विरूद्ध एक विशेष अभियान 3 से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है व श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान मे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी अभियान के अन्तर्गत सुचना प्राप्त हुई की अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के आरोपी गगनदीप सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिह निवासी 6 वी धनूर व उसके परिवार के सदस्यो द्वारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित कमाई से धनूर मे मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर श्रीकरणपुर वृत्ताधिकारी संजीव चौहान के सुपरविजन में केसरीसिंहपुर थानाधिकारी बलवंत राम ने मय स्टाफ के आरोपी गगनदीप सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिह रायसिख निवासी 6 वी धनूर व उसके परिवार के सदस्यों द्वारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित की गई सम्पति को धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रिज किया गया है। आरोपी गगनदीप सिंह के कब्जा से 17 सितंबर 2024 को 02 किलो 61 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैराईन बरामद की गई थी जिस पर पुलिस थाना केसरीसिहपुर पर मुकदमा नं. 217/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का दर्ज किया गया था। आरोपी गगनदीप सिंह की माता श्रीमती छिन्द्र कौर पत्नी जोगेन्द्र सिंह के नाम गांव 6 वी धनूर में पट्टाशुदा प्लॉट पर निर्माणाधीन रिहायशी मकान जिसकी कीमत लाखों रूपए हैं उक्त अचल सम्पति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के अन्तर्गत फ्रिज किया गया है।

# पांच वर्षीय बच्चे को कुत्तों ने बुरी तरह से काटा

- स्कूल वैन का इंतजार कर रहा था घायल बच्चा

**जनमार्ग न्यूज।**



**अबोहर।** पंजाब के अबोहर में दो आवारा कुत्तों ने 5 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। किल्लियांवाली रेलवे क्वार्टर में रहने वाले दविंद्र के बेटे प्रशांत के साथ यह दर्दनाक घटना उस वक्त हुई, जब वह अपने बड़े भाई की स्कूल वैन का इंतजार कर रहा था। घटना की जानकारी देते हुए बच्चे के दादा बाबू लाल ने बताया कि दोपहर के समय प्रशांत अपने भाई की स्कूल वैन देखने के लिए बाहर निकला था। तभी गली में घूम रहे दो खूंखार कुत्तों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े और उसे कुत्तों के चंगुल से बचाया। गंभीर रूप से घायल प्रशांत को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर वाणी और सर्जन डॉ. गगनदीप सिंह के अनुसार, बच्चे की दोनों टांगों पर कुत्तों ने बुरी तरह हमला किया है, जिस पर दर्जनों टांके लगाने पड़े। हालत की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए फरीदकोट रेफर कर दिया गया है। अस्पताल की टीकाकरण स्पेशलिस्ट डॉ. रितु वधवा ने बताया कि पिछले साल जनवरी से दिसंबर 2024 तक कुत्तों द्वारा काटने के करीब 3466 केस सामने आए थे जो कि एक साल में सबसे अधिक थे। वहीं अब जनवरी में ही 280 केस सामने आ चुके हैं। कल 29 जनवरी को ही 19 मरीज और 28 जनवरी को 13 मरीज कुत्तों द्वारा नोचने के सामने आए हैं। हर रोज औसतन 15 मरीज आ रहे हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में जैतसर तथा रावला थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मृत्यु हो गई। रावला पुलिस के अनुसार चक 9-पीएसडी के समीप विगत 20-21 जनवरी की रात को मोटरसाइकिल पर जा रहा एक युवक एक टाटा वाहन की टक्कर लगने से बुरी तरह से घायल हो गया। घायल हुए युवक राजेंद्र का बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। उसकी कल मृत्यु हो गई। उसके परिवार के एक सदस्य दूलाराम नायक (50) चक 8-पीएसडी(बी) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर टाटा वाहन चालक पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है। जैतसर पुलिस के मुताबिक सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर चक 6-जीबी के समीप विगत दिवस मोटरसाइकिल पर जा रहा सुनील नामक युवक सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन में टकरा गया,जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। उसकी भी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सुनील के पिता पेमाराम बावरी 55 निवासी चक 2-एलएम (बी) थाना अनूपगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि पिकअप को उसके चालक ने लापरवाही से सड़क के किनारे खड़ा कर रखा था।

# वेतन भुगतान के बदले रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी पकड़ा

**जनमार्ग न्यूज।**



**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक ग्राम विकास अधिकारी को 5 महीने का वेतन भुगतान करने के बदले 16 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाडा इकाई ने आज कार्यवाही करते हुए प्रभुलाल पारगी, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भापोर जिला बांसवाडा को 16 हजार की रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी बांसवाडा को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिता अटल सेवा केन्द्र भापोर में ठेके के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। उसके पिता को पांच माह का वेतन भुगतान नही हुआ। वेतन बिल बनाने के एवज में आरोपी ग्राम विकास अधिकारी प्रभुलाल पारगी 25 हजार रुपए की मांग कर परेशान किया जा रहा है। विगत 20 जनवरी को रिश्वत मांगने की शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान ग्राम विकास अधिकारी 20 हजार लेने के लिए सहमत हो गया और 4 हजार रुपए उसी समय ले लिए। एसीबी बांसवाडा चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के नेतृत्व में ब्यूरो की एक टीम के ट्रेप प्रभुलाल पारगी को बकाया 16 हजार लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# कीटनाशक दवा के असर से दो की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** कीटनाशक दवा के असर से जिले में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने के मामले सामने आए हैं। राजियासर थाना पुलिस के अनुसार कालूराम निवासी भोजेवाला ने रिपोर्ट दी है कि उसका पिता रामचंद्र 28 जनवरी को चक 3-बीजेडब्ल्यू के एक खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय दवा चढ़ जाने से बेहोश हो गया। उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इधर, रायसिंहनगर थाना में वार्ड नंबर 17 निवासी दूलीचंद नायक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसके पिता चिमनलाल (55) ने कल भूल वश कीटनाशक दवा पी ली, जिससे मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिए।

# राजकीय विद्यालय का उपतहसीलदार सलिंद्र कुमार ने किया निरीक्षण



**जनमार्ग न्यूज।**

**समेजा कोठी।** उपतहसीलदार सलिंद्र कुमार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 77 एनपी का निरीक्षण किया। दौराने निरीक्षण उपतहसीलदार ने स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर सहित स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल में बने पोषाहार गुणवता की भी उपतहसीलदार ने जांच की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफई को लेकर विशेष ध्यान दिया गया।

# शादीशुदा होते हुए शादी करने के आरोप में युवती गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** शादीशुदा और एक बच्चे की मां होते हुए खुद को अविवाहिता बताकर शादी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी पुलिस को भाग गया जबकि एक अन्य आरोपी महिला घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती है। जवाहरनगर थाना में दो-तीन पूर्व साधू कॉलोनी निवासी राहुल गोयल (32) द्वारा दर्ज करवाए मुकदमे की जांच कर रहे हवलदार गुलाबसिंह ने बताया कि पंजाब के निकटवर्ती फाजिल्का जिलांतर्गत और अबोहर शहर में पंजपीर मोहल्ला निवासी हरमनदीपकौर (23) को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आरोपी अबोहर के ही जस्सी नामक एक युवक के घर पर पुलिस ने छापा मारा तो वह भाग गया। उसे पकड़ने के प्रयास में हवलदार गुलाबसिंह के पांव में चोट भी लग गई। एक अन्य आरोपी महिला सीमा जोकि हरमनदीपकौर के पड़ोसन है,वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के मुताबिक सीमा का अपने परिवार के एक सदस्य से झगड़ा हो गया था,जिसमें वह चोटिल हो गई। वह फरीदकोट के एक अस्पताल में इलाज करवा रही है। राहुल गोयल ने दर्ज मुकदमे में बताया कि उसका रिश्ता उसकी एक रिश्तेदार पूनम निवासी पीलीबंगा ने करवाया था। पूनम द्वारा रिश्ते के बारे में बताए जाने पर वह अपने पिता गोविंदराम, भाई आशु गुप्ता और बहन आशु गोयल को लेकर अबोहर गया, जहां उनको लड़की दिखाई गई। उनको बताया गया की लड़की के माता-पिता नहीं है। वह अपनी मौसी-मौसी के पास रहती है।राहुल के अनुसार अमनप्रीतकौर के घर पर दो अन्य महिलाएं सीमा तथा परमजीतकौर मिलीं उन्होंने रिश्ता पक्का करवा दिया। रिश्ता करवाने की एवज में पूनम,सीमा और परमजीतकौर ने तीन लाख रुपए ले लिए। उन्होंने बताया कि हरमनदीपकौर अविवाहित है। हरमनदीपकौर से 23 जनवरी को कागजी लिखा पढी कर उसने शादी कर ली। शादी के बाद पता चला कि वह पहले से शादीशुदाहै। उसकी पहली शादी लिच्छूराम निवासी भावलदेसर थाना रतनगढ़ जिला चूरू से हुई थी। जांच अधिकारी के अनुसार हरमनदीपकौर की पहली शादी 3 वर्ष पहले लिच्छूराम से हुई थी, जिससे उसके 14 महीने का एक बच्चा है।बच्चा उसके पहले पति के पास है। पति से अनबन होने के कारण वह लगभग 4 महीने पहले छोड़कर अबोहर अपने पीहर आ गई थी। पूछताछ करने पर पता चला कि राहुल गोयल से उक्त आरोपियों ने तीन लाख नहीं बल्कि 1 लाख 40 हजार रुपए शादी के लिए लिए थे।

# घर से लाखों के जेवरात चोरी, तीन जनों पर शक जताया

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र के गांव सुजावलपुर में एक मकान से लाखों रुपए के स्वर्ण जेवरात चोरी हो गए। दो महिलाओं सहित तीन व्यक्तियों पर चोरी का शक जाहिर किया गया है। पुलिस के मुताबिक सुजावलपुर के दलजीतसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके भाई कुलजीतसिंह के घर से 11 तोले से भी अधिक वजन के स्वर्ण जेवरात चोरी करने के आरोप में धर्मपाल, उसकी पत्नी वंदना तथा सुमित्रा के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। दलजीत ने बताया कि उसका भाई अपनी पत्नी राजवीरकौर के साथ 5 जनवरी को गजसिंहपुर के नजदीक चक पांच एफडी गया था।

# कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** शहीद दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, देहात ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़, शहर ब्लॉक अध्यक्ष श्याम पुन्यानी, सोहनलाल नायक, हरीश अरोड़ा काकू, मानकचंद शर्मा, मुरारीलाल सोनी, मोहित अरोड़ा, सुरेश खटक, पवन बतरा, गुरप्रीतसिंह, मन्नू लूणा, मनोज भिड़ासरा, अशोक डागला, जाफर शरीफ और उशविंद्रसिंह बराड ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों से देश को आजाद करवाने के लिए महात्मा गांधी ने अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया। लंबे समय तक वे जेलों में रहे।यहां तक की अपने प्राण भी न्योछावर कर दिए। ऐसे महान पुरुष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आज भी दुनिया उनके आदर्श, विचारधारा और दर्शन की कायल है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन श्याम शेखावटी ने किया।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Web:- www.janmarg.com

Youtube:- Janmarg News

# हत्या के आरोप में मां-बेटा को आजीवन कारावास

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में साढ़े पांच वर्ष पहले एक व्यक्ति की हत्या कर दिया जाने की घटना में अदालत ने आज उसकी पत्नी और बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हनुमानगढ़ में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि कुमार सुथार की अदालत द्वारा यह निर्णय दिया गया।अपर लोक अभियोजक रिछपालसिंह चहल के अनुसार 1 जुलाई 2019 को राहुल ने हनुमानगढ़ टाउन थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए गांव रूपनगर निवासी उसके चाचा सोहनलाल की उसकी पत्नी कुसुम और बेटे मुकेश उर्फ विक्की द्वारा लकड़ी की फट्टी से पीट-पीट कर हत्या कर दिए जाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। सोहनलाल की गृहकलेश में उसके पत्नी और बेटे ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।

# आर्किटेक्ट पर वृद्ध महिला चिकित्सक के निर्माणाधीन मकान का कब्जा करने का आरोप

- मकान का सामान चोरी करने और चिकित्सक को बेटे सहित मारपीट कर बाहर निकाल देने का भी आरोप

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** शहर की एक बुजुर्ग महिला चिकित्सक ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने निर्माणाधीन मकान पर एक आर्किटेक्ट द्वारा कब्जा कर लेने का आरोप लगाया गया है।महिला चिकित्सक का आरोप है कि वह अपने बेटे के साथ 20 जनवरी को निर्माणाधीन मकान में कई तो आर्किटेक्ट और उसके 8-10 महिला पुरुष साथियों ने उनको मारपीट कर बाहर निकाल दिया। उसके मकान का काफी सामान भी गायब कर दिया। यही नहीं मकान बिकाऊ होने का बोर्ड भी लगा दिया। पीड़ित महिला चिकित्सक सरोजरानी गुप्ता (73) के पति एससी गुप्ता जोकि चिकित्साधिकारी थे, उनका विगत 20 नवंबर को देहांत हो गया था। जवाहरनगर थाना पुलिस के मुताबिक संजय कॉलोनी निवासी चिकित्सा सरोजरानी गुप्ता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर आर्किटेक्ट जितेंद्रसिंह मरोक, उसकी पत्नी अमनदीप कौर समेत उसके 8-10 साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई करणीसिंह के सुपुर्द की गई है। पुलिस को अपने पुत्र पुष्कल के जरिए रिपोर्ट देते डॉ सरोज रानी गुप्ता ने बताया कि वह हार्ट, किडनी और घुटनों की बीमारी से ग्रसित है। उसका इकलौता पुत्र पुष्कल भी शारीरिक रूप से दिव्यांग है। उसके पति एससी गुप्ता ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान संख्या 3/1 को तोड़कर बनाने के लिए आर्किटेक्ट जितेंद्रसिंह मरोक से संपर्क किया तो उसने मकान का डिजाइन बनाने के बाद अपनी पत्नी अमनदीपकौर के नाम की बाबा दीपसिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी से एमओयू कर काम शुरू कर दिया। एमओयू की शर्तों के अनुसार मकान निर्माण के लिए 38 लाख रुपए तथा पुराने मकान का सामान बेचने से प्राप्त हुए 2 लाख कुल 40 लाख रुपए का भुगतान उसे कर दिया। डॉ. सरोजरानी गुप्ता के मुताबिक उक्त आरोपियों द्वारा धमकाकर और राशि की मांग करने,दुकान पर कब्जा करने और उसके पुत्र से मारपीट करने की मानसिक पीड़ा के कारण 20 नवंबर 24 को उसके पति का स्वर्गवास हो गया। उक्त ठेकेदार और उसकी पत्नी द्वारा लगातार आपराधिक व्यवहार करने, मकान पर कब्जा करने की धमकियां देने,निर्माणाधीन मकान से उसे और उसके पुत्र को आने-जाने से रोकने की धमकियां देकर लाखों रुपए की मांग करने लगे।

# गोबर के ढेर में मिला 4 घंटे पहले जन्मा बच्चा

**जनमार्ग न्यूज।**



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में 4 घंटे पहले जन्मा बच्चा गोबर के ढेर में मिला। खेत पर जा रही महिला ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो इधर-उधर देखा। उसे गोबर के ढेर से रोने की आवाज सुनाई दी। उसने गोबर में देखा तो बच्चे का शरीर कपड़े में लिपटा हुआ था, सिर्फ मुंह बाहर था। महिला ने बच्चे को गोबर से बाहर निकाला और गांव में सूचना दी। ग्रामीणों की जानकारी पर पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। बच्चे को छोटी सादड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी जांचें की गई। फिलहाल बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। मामला जलोदा जागीर थाना क्षेत्र के करणपुर खुर्द गांव का है। महिला हीरा मीणा ने बताया- मैं सुबह करीब 11 बजे घर से खेत पर जाने के लिए निकली थी। रास्ते में आंगनबाड़ी के पास एक बच्चे के रोने की आवाज आई। आंगनबाड़ी के पीछे जाकर देखा तो गोबर के ढेर में एक बच्चा पड़ा था। बच्चे का शरीर गोबर के अंदर था, केवल मुंह दिखाई दे रहा था। हीरा मीणा ने बताया कि मैंने बच्चे को बाहर निकाला। उसके शरीर पर लगा गोबर हटाया। इसके बाद गांव के लोगों को जानकारी दी। एक कपड़े से बच्चे के शरीर को अच्छी तरह पोछा। लोगों की सूचना पर पुलिस और डॉक्टर की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अस्पताल ले गई। घटना की सूचना पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और डॉक्टर से बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692